


# तरुण छत्तीसगढ़

**सुनालिया ज्वेलर्स**
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

वर्ष 35 अंक 72 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 12 दिसम्बर 2023 डाक 13 दिसम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
भाजपा सांसदों ने नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आयकर छापे के दौरान 200 करोड़ रुपये की बेहिसाब धनराशि की बरामदगी को लेकर कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**
केरल के राज्यपाल ने सीएम विजयन पर लगाए गंभीर आरोप बोले- मुख्यमंत्री हमें शारीरिक चोट पहुंचाने की रच रहे साजिश



**खुल्ला-पन्ना**
किचन की होने वाली चिक-चिक से हैं परेशान? अपनाएं ये टिप्स एंड ट्रिक्स



# सीजी में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचारों की जांच होगी, किरेन रिजिजू का बड़ा बयान

**नईदिल्ली, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर INDIA गठबंधन पर निशाना साधा। रिजिजू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां मिले 350 करोड़ से ज्यादा कैश के मामले का भी जिक्र किया। कांग्रेस और उसके सहयोगी भ्रष्टाचार फैला रहे हैं। वहीं, भ्रष्टाचार मिटाने के लिए पीएम मोदी ने गारंटी दी है। भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दे दी गई है। इतना ही नहीं रिजिजू ने दावा किया कि छत्तीसगढ़-राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचारों की जांच कराई जाएगी। रिजिजू ने कहा, RJD हो, दिल्ली में AAP हो, इनके नेता या तो जेल में हैं या बेल पर हैं। ये सब कट्टर भ्रष्टाचारी हैं। ये लोग खुद को कट्टर ईमानदार बताते हैं। अब जब एजेंसियां भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं, तो कांग्रेस और इनके पार्टनर ने एजेंसियों को टारगेट करना शुरू कर दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मोदी की गारंटी है कि इन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्ती से काम हो। रिजिजू ने कहा, धीरज साहू ने 12 अगस्त 2022 को ट्वीट कर कहा था कि सिर्फ कांग्रेस ही भ्रष्टाचार को खत्म कर सकती है। इन्हीं सांसद के ठिकानों पर छापेमारी हुई और सैकड़ों करोड़ मिले। ये भ्रष्टाचार की बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, आप के वरिष्ठ नेता जेल में हैं क्योंकि वे सभी भ्रष्ट हैं और उन्हें अदालतों से कोई राहत नहीं मिल रही है। भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दे दी गई है और मोदी गारंटी भी काम करेगी। मोदी सरकार 10 साल पूरे करने जा रही है लेकिन एक भी मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। इसकी वजह भ्रष्टाचार के खिलाफ पीएम मोदी का विजन हैं। पीएम मोदी खुद भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरी सख्ती से काम करते हैं कि कोई सोच भी नहीं सकता कि केंद्र सरकार में कोई भ्रष्टाचार करेगा। अलग-अलग राज्यों में लोग पीएम मोदी पर भरोसा दिखा रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि देश में इतनी साफ-सुथरी सरकार है। रिजिजू ने भ्रष्टाचार के मामलों पर डीएमके और आप नेताओं पर भी निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री ने भ्रष्टाचार की तुलना कैंसर से की और कहा कि कांग्रेस इसे फैलाने वालों में से एक है।

# पाकिस्तान में फिर आतंकी हमला, पुलिस स्टेशन में अंधाधुंध गोलीबारी, चार सुरक्षाकर्मियों की मौत



**इस्लामाबाद, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान जिले में आतंकियों ने एक पुलिस स्टेशन पर हमला किया। इस हमले में चार सुरक्षा अधिकारियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने मंगलवार को उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के इस्माइल खान जिले में मौजूद एक पुलिस स्टेशन पर हमला किया, जिसमें चार सुरक्षा अधिकारियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।अधिकारियों ने कहा कि इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी तालिबान ग्रुप से जुड़े तहरीक-ए-जिहाद ने ली है। अधिकारी ऐजाज महमूद ने बताया कि जिस पुलिस स्टेशन पर हमला किया गया है।

वह अफगानिस्तान की सीमा से सटा है। पुलिस स्टेशन पर हुए हमले में 28 लोग घायल हो गए हैं। प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन को पुलिस स्टेशन में घुसा दिया और इस दौरान उन्होंने सुरक्षाकर्मियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। बयान के अनुसार, इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी तालिबान ग्रुप के तहरीक-ए-जिहाद ने ली है। जो कुछ समय पहले ही अस्तित्व में आया है।

## अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भारतवंशी रामास्वामी को मिली जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी को जान से मारने की धमकी देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय टायलर एंडरसन के तौर पर की गई है।

यूएस के न्याय विभाग के अनुसार आगामी कार्यक्रम के लिए एंडरसन ने दो हैरान करने वाला संदेश जारी किया था। अपने पहले संदेश में आरोपी ने कहा, बढ़िया, मेरे लिए उम्मीदवार के दिमाग को उड़ाने का अच्छा मौका है। अपने दूसरे संदेश में उसने कहा, मैं इसमें शामिल होने वाले सभी लोगों को मार डालूंगा। रामास्वामी की टीम ने इस धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस को इसकी जानकारी दी।

# बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे बाइक सवार को हाईवा ने मारी ठोकर पिता सहित दो मासूम की मौत, आक्रोशितों ने किया सड़कजाम



**रायपुर, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अभनपुर से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। अपने दो बच्चों को बाइक पर बैठाकर पिता स्कूल छोड़ने जा रहा था इस दौरान एक तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक को ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में दो मासूम समेत पिता की मौके पर ही मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, गोबरा नवापारा के तर्री रोड पर स्थित बगदेही स्कूल के पास आज सुबह तेज रफ्तार हाईवा ने सामने जा रही एक बाइक को ठोकर मार दी।

दुर्घटना में बाइक चालक और उसके दोनों बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी हाईवा चालक ने भाग कर थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। हादसे में जान गवाने वाले पिता का नाम शिवनाथ यादव उम्र 30, रिया यादव उम्र 7 वर्ष कक्षा 2 में पढ़ती थी और छोटी बेटी हीना यादव उम्र 1 वर्ष है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को होते ही मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गया। लोगों में भारी आक्रोश है।

### मुआवजे की मांग को लेकर किया सड़कजाम

*मिली जानकारी के अनुसार मृतक शिवनाथ यादव अपनी दो बालिकाओं को लेकर मोटरसाइकिल से स्कूल छोड़ने जा रहा था तब यह दुखद घटना सामने आई। अब भी घटना स्थल पर लोगों की बड़ी भीड़ इकट्ठी है और प्रशासन से मृतकों के मुआवजे और ट्रक ड्राइवर पर उचित कार्यवाही की मांग कर रही हैं। रायपुर जिले के गोबरा नवापारा से तर्री रोड (जिला धमतरी जाने वाले मार्ग) पर स्थित बगदेहीपारा स्कूल के सामने हुई है यह दुखद घटना।*

## रायपुर से निकली यात्री बस में लगी आग, कई लोग झुलसे

**दंतेवाड़ा।** जगदलपुर के केशकाल से बड़ी खबर सामने आई है। रायपुर से निकली यात्री बस में भीषण आग लग गई। यह घटना केशकाल में घटी है। जानकारी के मुताबिक बस में 50 से अधिक यात्री सवार थे।आग से बस और यात्रियों का सामान जलकर खाक हो गया है। फ़िलहाल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बारे में पुलिस ने बताया कि यात्री बस रायपुर से जगदलपुर जा रही थी. केशकाल पहुंचते ही बस में आग लग गई. घायलों में महिला और तीन पुरूष शामिल है।

# सीएम के बाद अब मंत्रिमंडल गठन की तैयारी, शपथ ग्रहण कल, पीएम मोदी होंगे मुख्य अतिथि, तैयारी तेज



**रायपुर, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के चेहरे से पर्दा हटने के बाद अब मंत्रिडल के गठन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। प्रदेश में भाजपा ने आदिवासी चेहरे विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री के रूप में चयनित किया है। 13 दिसंबर को राजधानी के साइंस कालेज मैदान में दोपहर दो बजे शपथ ग्रहण समारोह है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। शपथ ग्रहण में मुख्यमंत्री के साथ दो उप मुख्यमंत्री समेत 10 मंत्री शपथ ले सकते हैं। मंत्रिमंडल के सदस्यों की नियुक्ति को लेकर मंथन चल रहा है। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री डा. मनसुख मांडविया, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन समेत दूसरे राज्यों के कुछ मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। इधर, मुख्यमंत्री नियुक्त होने के दूसरे दिन मुख्यमंत्री साय सुबह राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित भगवान श्रीराम के मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान श्रीराम, माता जानकी, हनुमान और शिवजी की पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश के चहुंमुखी विकास और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रायपुर पंडरी स्थित प्रदेश कार्यालय जागृति मंडल पहुंचे। उन्होंने संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात की।

इसके बाद वे नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। जहां मंगलवार को वे प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आने का आमंत्रण देंगे। शपथ ग्रहण समारोह में 50 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग एक हजार पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। रायपुर शहर के चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट आदि अन्य जगहों पर सघन जांच अभियान जारी है।

## उमर अब्दुल्ला को नहीं मिलेगा अलग रह रही पत्नी से तलाक दिल्ली हाई कोर्ट ने बरकरार रखा निचली अदालत का फैसला



**नईदिल्ली, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

दिल्ली हाई कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अलग रह रही पत्नी पायल अब्दुल्ला से तलाक की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और विकास महाजन की पीठ ने माना कि पारिवारिक अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए माना कि तलाक की याचिका खारिज करने के उसके निर्णय में कोई खामी नहीं थी। हाईकोर्ट ने साथ ही पारिवारिक अदालत के निष्कर्षों से सहमति भी जताई। पारिवारिक अदालत ने कहा था कि उमर अब्दुल्ला के पायल अब्दुल्ला के खिलाफ क्रुरता के आरोप अस्पष्ट हैं।

# सुकमा में नक्सलियों ने किया आइईडी ब्लास्ट, चार जवान घायल, दो को इलाज के लिए लाया गया रायपुर



**सुकमा, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र के डब्बामरका के जंगलों में सुबह आइईडी की चपेट में आने से चार जवान घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इन जवानों को डब्बामरका कैंप में प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए हेलीकाप्टर से रायपुर रेफर किया गया है। वहीं दो जवानों को मामूली चोटें आई है, जिनका इलाज कैंप में ही चल रहा है। सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने जंगल में आईईडी प्लांट कर रखा था। मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ 217वीं बटालियन और कोबरा 208 वाहिनी की संयुक्त पार्टी सुबह सड़क सुरक्षा ड्यूटी के लिए सालातोंग की ओर निकली थी। इस दौरान लगभग सुबह सवा दस बजे सालातोंग के पास प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से चार जवान लक्ष्मण तातां, के भीमा, अरुण एम कार्तिक और मंटू कुमार घायल हो गए। मंटू कुमार और अरुण एम कार्तिक के गंभीर रूप से घायल होने के कारण रायपुर रेफर किया गया है। नारायणपुर जिले में सुरक्षा बल पर आईईडी विस्फोट और मुख्य मार्ग पर पेड़ व पत्थर डालकर अवरूद्ध करने के आरोपित नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें से एक भाजपा नेता रतन दुबे की हत्या में शामिल था। सभी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है। नक्सल विरोधी अभियान अंतर्गत नारायणपुर पुलिस ने चार संदेहियों को पकड़ा था। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम संमलू कोर्राम (28) निवासी हितुलवाड़, शंकर कश्यप (25) निवासी गुमटेर, लखमा कोर्राम (42) निवासी गुदाड़ी व धनसिंग कोर्राम (40) निवासी बड़ेनहोड़ पारा कोंगेरा बताया।

## मराठा आरक्षण आंदोलन के प्रमुख मनोज जारांगे की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** मराठा आंदोलन के प्रमुख चेहरे, शिवबा संगठन के अध्यक्ष और मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे पाटिल को बीड जिले के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धाराशिव में एक सार्वजनिक रैली के दौरान उन्हें असहजता महसूस हुई और उन्हें अपना भाषण बीच में ही बंद करना पड़ा। जारांगे-पाटिल माकनी-करजगांव में एक विशाल सार्वजनिक बैठक में बोल रहे थे जब उन्हें अचानक कमजोरी महसूस हुई और फिर मंच पर बैठ गए। जैसे ही कुछ सहयोगी उनकी मदद के लिए दौड़े, वह कुछ मिनटों तक कमजोर ढंग से बोलते रहे, जिसके बाद उन्होंने हार मान ली और फिर उन्हें मंच से दूर ले जाया गया। उनकी जांच करने के लिए एक चिकित्सक को बुलाया गया और कहा गया कि उन्हें मधुमेह की कुछ समस्याएं हैं, उन्हें कुछ दवाएं दी गई और उन्हें कुछ दिनों तक आराम से रहने की सलाह दी गई।


# शिवसेना के मुखपत्र सामना में पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक लेख के लिए संजय राउत के खिलाफ केस दर्ज



**मुंबई।** शिवसेना के मुखपत्र सामना में पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक लेख के लिए संजय राउत के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पार्टी के मुखपत्र सामना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक लेख लिखने के आरोप में यवतमाल पुलिस ने शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिवसेना के मुखपत्र सामना में पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक लेख के लिए संजय राउत के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पार्टी के मुखपत्र सामना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक लेख लिखने के आरोप में यवतमाल पुलिस ने शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। संजय राउत के खिलाफ बीजेपी यवतमाल के संयोजक नितिन भुटाडा ने शिकायत दर्ज कराई थी अपनी शिकायत में बीजेपी नेता ने दावा किया कि राउत ने 11 दिसंबर को पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक लेख लिखा था। राउत के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 (ए) (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 505 (सार्वजनिक शरारत पैदा करने वाले बयान) (2) और 124 (ए) (नफरत या अवमानना का प्रयास) विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और अन्य अपराधों के लिए उमरखेड़ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने अपने बयान में कहा, मेरे खिलाफ मामला दर्ज किया गया है क्योंकि मैंने प्रधानमंत्री के खिलाफ बोला था। देश में अभी भी लोकतंत्र है।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# धीरज साहू पर आईटी का छापा, 17 किलो सोना जब्त, जांच जारी



**भुवनेश्वर, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

रुपये की नकदी के बाद, धीरज साहू पर आईटी छापे में 353 करोड़ रुपये से ज्यादा का 17 किलो सोना जब्त होने की खबर है। ओडिशा में धीरज साहू पर आईटी की छापेमारी करीब पांच दिनों तक चली। अंततः जब्त की गई नकदी रु. 353 करोड़. कल आयकर विभाग ने डिस्टिलरी के मालिक संजय साहू की पत्नी को गिरफ्तार किया और टिटिलागढ़ उत्कल ग्राम्य बैंक और टिटिलागढ़ में एक्सिस बैंक के लॉकरों की तलाशी ली। एक्सिस बैंक के तीन लॉकरों में से एक से सोना बरामद किया गया. 17 किलो सोना मिलने की जानकारी है।

आज कुछ और लॉकरों की जांच की जानकारी है। बलांगीर से जब्त लैपटॉप, हार्ड डिस्क और डायरी से अहम जानकारी मिल सकती है। आयकर विभाग भी इनकी जांच कर रहा है। उधर, पैसों की गिनती पूरी होने के बाद सरकारी खाते में जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह छापेमारी आयकर विभाग की अब तक की सबसे बड़ी छापेमारी में से एक बताई जा रही है। यह नकदी कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़ी बताई जा रही है। यह रकम 353 करोड़ रुपये तय की गई थी। सूत्रों का कहना है कि बलांगीर में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की मुख्य शाखा में गिनती मशीनें और जनशक्ति लगाई गई थी। अधिकारियों की एक टीम ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़े परिसरों पर छापेमारी के दौरान जब्त किए गए कुल 176 बैगों में नकदी की गिनती जारी रखी। आयकर विभाग ने लगभग 40 बड़ी और छोटी मशीनें तैनात की थीं और अधिक विभाग के कर्मचारी और बैंक कर्मचारी लाए थे। कल, आयकर टीमों ने झारखंड की राजधानी रांची में धीरज साहू के परिसर से नकदी के तीन और बैग जब्त किए थे। जबकि यहां यह उल्लेखनीय है कि ओडिशा के विभिन्न इलाकों में शराब कारखानों के रखरखाव के प्रभारी उनके प्रबंधक के घर से लगभग 19 बैग पैसे जब्त किए गए थे। मैनेजर के घर से बरामद रकम 20 करोड़ रुपये पार करने की आशंका जताई जा रही है.

उधर, ओडिशा में बलांगीर, संबलपुर, राउरकेला समेत कई स्थानों पर आयकर विभाग की छापेमारी भी जारी रही। आयकर टीम साहू से जुड़े शराब कारोबारियों, कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों और फंड मैनेजरों से पूछताछ कर रही है। साथ ही छापेमारी में बरामद दस्तावेजों की जांच कर रही है। इस बीच साहू परिवार की शराब कंपनी मेसर्स बलदेव साहू एंड संस के बलांगीर और टिटिलागढ़ स्थित शराब भट्ठी के कार्यालय से मिले 316 करोड़ रुपये में सोमवार को 285 करोड़ रुपये बलांगीर स्थित स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में आयकर विभाग की ओर से जमा करा दिए गए।

# पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ अवश्य दिलवाएं: सौरभ कुमार

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक




**कोरबा ।** भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों खासतौर पर वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने प्रारंभ किए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन को लेकर कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने आज संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दी जाए और पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने यात्रा हेतु रूट चार्ट तैयार करने और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने बैठक में निर्देशित किया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कार्यक्रम में जनभागीदारी गतिविधि, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय स्तर पर समिति का निर्माण, स्थानीय हितग्राहियों को आमंत्रण, सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी, स्व-सहायता समूह, ग्राम संगठन का मोबलाइजेशन, कृषि गतिविधियों पर सत्र का आयोजन, प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करना, योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करना तथा पोर्टल में जानकारी अपलोड कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में नगर पालिक निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, श्री दिनेश नाग सहित विभागीय अधिकारी जनपद सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएँ जैसे- स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं/मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाया जा सके। कोरबा जिले में जिला स्तरीय समिति का गठन कर लिया गया है। कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। शीघ्र ही विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही लक्षित और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाएगा।

# सरकारी अस्पताल के डॉक्टर पर फार्मासिस्ट से मारपीट का आरोप

## जांच करने पर पहुंचे बीएमओ, तथ्यों के आधार पर कार्रवाई

**कोरबा।** कई कारणों से विवादों में बने कोरकोमा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर पर फार्मासिस्ट के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। पीड़ित और एक महिला कर्मचारी ने मारपीट करने का दावा किया है। जबकि डॉक्टर इससे साफ इनकार कर रहे हैं। शिकायत प्राप्त होने पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर मौके पर पहुंचे और आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने बताया कि तथ्यों के आधार पर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

विकासखंड कोरबा के अंतर्गत कोरबा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है जहां पर फार्मासिस्ट सखाराम पैकरा से टेबल हटाने की बात को लेकर डॉ रूभारिया ने मारपीट की। अस्पताल की एक कर्मचारी ईशा राठिया ने बताया कि टेबल हटाने की बात पर विवाद के बाद यह घटना हुई।

जबकि डॉ रूभारिया बताते है कि शनिवार को कायाकल्प योजना की बैठक के बाद एक स्थान से टेबल हटाने के लिए उन्होंने सखाराम को कहा था। पहले उसने मना किया और बाद में विवाद शुरू कर दिया। पहले उसने हाथ उठाया और मैंने बचाव किया तभी वह गिर पड़ा। मैंने उससे कोउ मारपीट नही की। स्वास्थ्य केंद्र में मारपीट होने की शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया मामले की जांच के लिए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर दीपक सिंह राज पहुंचे। उन्होंने बताया कि कर्मचारी और डॉक्टर से पूछताछ की गई है। तथ्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि इससे पहले भी यहां पर कई तरह की शिकायत मिली थी जिसके बाद इंक्रीमेंट रोकने की अनुशंसा की गई थी।यह बताना आवश्यक होगा कि लंबे समय से कोरकोमा का स्वास्थ्य केंद्र विवादों में बना हुआ है। देखना होगा कि यहां की व्यवस्था को ठीक करने के लिए सरकार क्या कुछ कदम उठाती है।

# ठंड के सीजन में काम हो रही आंगनबाड़ी में उपस्थिति

**कोरबा।** कम उम्र के बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन कर रही है। दिसंबर के महीने में अनेक केदो में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम हो गई है। औसत से ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए केंटो के कर्मचारी अपनी ओर से प्रयास कर रहे हैं।

पथररीपारा केंद्र में ईन दिनों बच्चों की संख्या काफी कम हो गई है। कार्यकर्ता ने बताया कि कुछ बच्छे स्कूल में पढ़ने वाले भी है। बाकी बच्छे आसपास के है। उनकी संख्या कई कारणों से घटते बढ़ते रहती है। बच्चों को बेहतर पोषण आहार दिया जा रहा है। काशीनगर स्थित आंगनबाड़ी का भी कुछ ऐसा ही हाल है। यहां सोमवार को 2 ही बच्चे पहुँचे। सहायिका ने बताया कि बच्चों को लाने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। इस केंद्र की कार्यकर्ता ने बताया कि सरकार की योजना के तहत पंजीकृत बच्चों को लाभ दिया जा रहा है। किराए के भवन में समस्या है। इसके लिए अधिकारियों कक अवगत कराया गया है।

जिले में 5 ब्लॉक के अंतर्गत 2500 से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे है। इनमे से एक बड़ी संख्या किराए की व्यवस्था वाले भवनों की है। जबकि परेशानी बहुत केंद्रों में बनी हुई है। इसका हल कैसे निकलेगा, यह विभाग को तय करना है।

## वार्ड क्रमांक 54 के दुरपा का मामला

# जर्जर भवन में संचालित हो रहा है आंगनबाड़ी केंद्र, मरम्मत को लेकर विभाग गंभीर नहीं



**कोरबा।** नगर निगम अंतर्गत सर्वमंगला नगर वार्ड 54 में बड़े मैदान के पास संचालित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 दुरपा बेहद जर्जर स्थिति में है। भवन की दीवारों पर कई जगह दरारें पड़ गई है। वहीं छत का प्लास्टर भी उखड़ कर नीचे गिर रहा है। इसके बावजूद विभाग जर्जर आंगनबाड़ी भवन को सुधारने की सुध नहीं ले रहा है।

मरम्मत के अभाव में आंगनबाड़ी भवन बिल्कुल जर्जर हो गया है। केंद्र में बना एकमात्र टॉयलेट भी टूटा फूटा हुआ है और कचरे से पटा हुआ है इससे आंगनबाड़ी आने वाले बच्चे टॉयलेट का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं। छत से पानी भी टपकता है, केंद्र की खिड़की दरवाजे भी टूटे हुए हैं। इतनी सारी अव्यवस्थाएं होने के बावजूद भी महिला एवं बाल विकास विभाग आंगनबाड़ी केंद्र को दुरुस्त करने की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। स्थिति यह है कि अब पालक अपने बच्चों को यहां भेजने से कतरा रहे हैं। बिना बाउंड्रीवॉल वाले इस आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति को लेकर परिजन चिंतित है। यहां पदस्थ कार्यकता व सहायिका भी कोई अनहोनी न हो जाए इस बात से चिंतित रहते हैं। कमरे के अंदर बैठे बच्चे जर्जर भवन के प्लास्टर गिरने से गंभीर हादसे का शिकार हो सकते हैं। प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। अभिभावकों का कहना है कि यदि कोई गंभीर हादसा घटित हो जाता है तब इसकी जवाबदेही किसकी होगी। समय रहते भवन का मरम्मत कार्य कराया जाना चाहिए ताकि यहां पढ़ने वाले बच्चे, कार्यकर्ता, सहायिका व अभिभावक चिंतामुक्त हो सकें।

# आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार की मांग को लेकर गेवरा खदान में छह घंटे तक बंद रहा कामकाज

## मांगे नहीं मानने पर 19 से परिवार सहित खदान बंदी करने का ऐलान




**कोरबा।** आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार की मांग को लेकर गेवरा खदान में छह घंटे तक कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। बाहरी कंपनियां स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दे रही है। भूविस्थापितों ने मांगे नहीं मानने पर 19 दिसंबर से परिवार समेत खदान बंद करने का ऐलान किया है।


ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने एसईसीएल में नियोजित आउटसोर्सिंग कंपनियां में स्थानीय बेरोजगारों के बजाय बाहरी लोंगो की भर्ती पर रोक लगाते हुये खदान प्रभावितों को रोजगार की मांग को लेकर सोमवार को गेवरा खदान में 6 घंटे तक कामकाज बंद रखा। इससे मिट्टी खनन और कोयला परिवहन पूरी तरह से प्रभावित रहा। इससे पहले 5 दिसम्बर को प्रबंधन के साथ वार्ता हुई थी। इसमें एक सप्ताह में बेरोजगारों की भर्ती शुरू करने का आश्वसन दिया गया था लेकिन भर्ती शुरू नही होने से नाराज बेरोजगारों ने सोमवार की सुबह 6 बजे से ही खदान में धावा बोलते हुए मिट्टी उत्खनन और कोयला परिवहन में लगी गाड़ियों को रोक दिया। दोपहर 12 बजे तक चले आंदोलन के बीच गेवरा प्रबंधन व आउटसोर्सिंग कम्पनियों के अधिकारी मौके पर पहुंचकर भूविस्थापितों और स्थानीय बेरोजगारों की भर्ती जल्द शुरू का आश्वसन दिया। इसके बाद आंदोलन को स्थगित किया गया और भर्ती नही लिए जाने पर आगामी 19 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन खदान बन्द करने की चेतावनी दी है ।

# सुमित ने प्रथम स्थान अर्जित किया तीरंदाजी में



**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अंतर परिसेत्र स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता इस का आयोजन डी.पी.विप्र. विधि. महाविद्यालय बिलासपुर के तत्वाधान में दिनांक 10 दिसंबर 2023 को बहतराई स्टेडियम में संपन्न हुआ अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी के अंतर्गत महाविद्यालय ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता में ए के गुरुकुल कॉलेज ढेलवाडी कटघोरा के छात्र सुमित कुमार लाटेवाल ने रिकवर राउंड 70 मी 360 अंक में से 315 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया ।ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगित पंजाब पटियाला में 22 से 28 दिसंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में सुमित कुमार अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# घट गया रकबा, सुधार कराने तहसील के काट रहे चक्कर



**कोरबा।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया जारी है। इस बार 48 हजार से अधिक किसानों ने लगभग 90 हजार से अधिक रकबा क्षेत्रफल में किसानों ने धान का फसल लिया है।मौसम के अनुकूल होने से किसानों को बेहतर उत्पादन की उम्मीद है। पंजीकृत किसानों से समिति में धान की खरीदी की जा रही है, लेकिन कई किसानों के नाम पर रकबा पंजीकृत रकबा से कम रकबा साफ्टवेयर में दिखा रहा है। इस कारण किसान अपना धान नहीं बेच पा रहे हैं। किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसानों को उत्पादन किए गए निर्धारित क्षेत्र के रकबा के धान समितियों की ओर से टोकन नहीं दिया जा रहा है। यह जानकारी किसानों को तब मिल रही है। जब वे उपार्जन केंद्र पहुंच रहे हैं। किसान धान की बिक्री से पहले टोकन के लिए उपार्जन केंद्र पहुंच रहे हैं। उन्हें निर्धारित से कम रकबा का टोकन मिलने से निराश होकर वापस लौट रहे हैं। इस रकबा को सुधार कराने के लिए 60 से 70 किलोमीटर दूरी तय कर मुख्यालय पहुंच रहे हैं और तहसील कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। इसे लेकर किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

# उपवास से शक्ति मिलती है लेकिन समाज में प्रतिष्ठा पाने अच्छे कर्म करने होते हैं : गोस्वामी



**कोरबा।** ओपन थियेटर निहारिका में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के तीसरे दिन कथा वाचक पवन कृष्ण गोस्वामी ने प्रहलाद व नरसिंह अवतार का प्रसंग विस्तार पूर्वक वर्णन के साथ संगीतमय प्रवचन दिया। आचार्य गोस्वामी ने बताया कि उपवास सभी रोगों में सुधार की सबसे प्रभावशाली विधि है। उपवास से शक्ति मिलती है लेकिन समाज में प्रतिष्ठा पाने के लिए अच्छे कर्म करने होते हैं।

आचार्य पवन कृष्ण गोस्वामी ने कहा कि प्राचीनकाल से व्रत, सत्संग, कथा आदि की रचना लोगों में जागृति, सदभावना, सामूहिकता, ईमानदारी, एकता, कर्तव्यनिष्ठा, परमार्थ परायणता, लोकमंगल, देशभक्ति, सुसंस्कृत, सुयोग्य नागरिक बनने, समाज को सुविकसित करने के लिए गई थी। प्रार्थना एक ऐसी संस्तुति है जो अपने इष्ट के प्रति बिना किसी देरी के बिना किसी के सहारे तत्क्षण परमात्मा के पास पहुँच जाती है। उन्होंने बताया कि संसार की किसी वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने के लिये पोस्टमैन की आवश्यकता पड़ती हैं, लेकिन हृदय से समर्पित की गई प्रार्थना एक ऐसी अभिव्यक्ति है जो बिना किसी पोस्टमैन के ही तत्क्षण गंतव्य स्थान तक पहुंच जाती है। कथा क्रम में कपिल देव संवाद पर प्रकाश डालते हुए आचार्य श्री ने कहा कि देवहूति ने कर्दम के वन की ओर चले जाने पर पुत्र कपिल के पास आई और प्रार्थना करते हुए बोली कि हे प्रभु हमें संसार के बंधन से मुक्त होने का मार्ग प्रदान करें। मां देवहूति की प्रार्थना को भगवान कपिल ने तत्क्षण स्वीकार किया और ऐसा उपदेश प्रदान किया कि देवहूति संसार सागर से मुक्त होकर सिद्धिरा नाम की नदी के रूप में परणित होकर मुक्त हो गई। आगे सती चरित्र की उपारूपान आचार्य ने विस्तार से श्रोताओ को श्रवण कराया जिससे कथा प्रांगण का वातावरण शिवमय हो गया। परम भक्त ध्रुव के चरित्र पर व्याख्यान देते हुए उन्होंने कहा कि मात्र पांच वर्ष की अवस्था में ध्रुव को दर्शन देकर अखण्ड राज्य प्रदान करते हुए उनके लिये ध्रुव लोक का निर्माण कर दिया।

## युवक से मारपीट केस दर्ज

कोरबा. कटघोरा क्षेत्र के ग्राम बिसनपुर में शराब पीने से बना करने पर युवक के मारपीट कर दी। घटना में ग्राम बिसनपुर में रहने वाले अमित कुमार आदिले को चोटें आई है। आरोपी गांव में रहने वाला बैजू निषाद है। पीड़ित के अनुवार वह एक दुकान के सामने खड़ा था। बैजू शराब पी रहा था। शराब पीने से मना करने पर आरोपी ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

## स्कूल के सामने से स्कूटी चोरी

**कोरबा।** दीपका क्षेत्र के शक्ति नगर स्थित एक निजी स्कूल के सामने से स्कूटी की चोरी हो गई। स्कूटी में सवार होकर शक्ति नगर में रहने वाला राजू कुमार पुत्री अन्या शर्मा को स्कूल छोड़ने के लिए लिटिल एंजल प्ले स्कूल पहुंचा था।

# राखड़ भरकर सरकारी जमीन को हड़पने के सपने पर पानी फिरा

## रातारवार बायपास मार्ग का मामला



**कोरबा।** सरकारी जमीन पर राखड़ पाटकर बनाए गए बाउंड्रीवाल को जेसीबी से तोड़ दिया गया। निगम,प्रशासन और पुलिस की संयुक्त तौर पर टीम ने कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान हल्की नोंकझोंक भी हुई।कोरबा शहर और आसपास बायपास से लगे करोड़ों की सरकारी जमीन पर राखड़ पाटकर कब्जा करने का खेल कुछ वर्षों से जारी था। अब सरकार बदलते ही प्रशासन की टीम कार्रवाई करना शुरु कर दी है। मिशन स्कूल के पीछे राताखार बायपास से लगी करोड़ों की सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने राखड़ पाटकर कब्जा कर लिया था। रसूख के दम पर कुछ महीने में ही पक्का बाउंड्रीवाल बनाकर गेट भी लगा दिया गया था। इसकी शिकायत कई महीने पूर्व की गई थी, लेकिन रसूख के दम पर शिकायत को दबा दिया गया था। सरकार पलटने के बाद निगम ने कब्जाधारियों को नोटिस देकर कब्जा खाली करने कहा था। रविवार तक कब्जा नहीं हटाने पर सोमवार को निगम, राजस्व और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बेजाकब्जा पर जेसीबी चलाकर हटा दिया गया। इस दौरान कब्जाधारी और निगम के कर्मियों के बीच हल्की नोंकझोंक भी हुई।

# एडस नियंत्रण के लिए शिक्षण संस्थान में कार्यक्रम



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में एड्स के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु दिनांक 1 दिसंबर 2023 से 15 दिसंबर 2023 तक एचआईवी एड्स विषय पर जन जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार एवं विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने हेतु अपेक्षित किया गया था। विश्व एड्स दिवस हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम, वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, मुख पेंटिंग प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, रंगोली प्रतियोगिता, आदि क्रियाविधि स्कूल, कॉलेज तथा विभिन्न संस्थान में आयोजित किया जाना था। समुदाय को नेतृत्व करने देंथीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्री अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग, रेड रिबन क्लब तथा ग्राम मित्र समाजसेवी संस्था के तत्वाधान में महाविद्यालय में संगोष्ठी एवं रंगोली प्रतियोगिता संपन्न किया गया।

संगोष्ठी की शुरुआत श्री अग्रसेन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार झा के स्वागत उद्बोधन के द्वारा किया गया।

# बेमौसम बारिश से बागवानी फसल को नुकसान

## 5 प्रति किलो तक कीमतों में बढ़ोतरी



**कोरबा।** दक्षिण भारत में आए चक्रवात के कारण छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों में 4 दिन तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। इसके चलते जन जीवन के साथ-साथ खेती किसानी के क्षेत्र पर कर पड़ा। प्रतिकूल मौसम ने सब्जियों को जमकर नुकसान पहुंचाया। कोरबा में इसके कारण सब्जियों की कीमतों में प्रति किलो 5 तक की बढ़ोतरी हो गई है।

समय पर बारिश होने से बागवानी फसलों को काफी अच्छे फायदे होते हैं लेकिन अन्य स्थिति में इस तरह के हालात बनने पर फसलों को जमकर नुकसान होता है और उत्पादक वर्ग के साथ-साथ उपभोक्ताओं को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। चक्रवात की सक्रियता से हुई बारिश ने कोरबा जिले में उद्यानिकी फसलों को काफी हद तक चौपट कर दिया। ऐसे में स्थानीय और आसपास की आवक प्रभावित हो गई। मौजूदा संकट के कारण सब्जियों की कीमतों में शुरुआती स्तर पर कुछ बढ़ोतरी हुई है। व्यवसाय करने वालों ने बताया कि आने वाले दिनों में अगर यह कीमत और बढ़ जाए तो कोई हैरानी नहीं होगी।

कई ऐसे कारण है जिससे मुख्य फसलों के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को काफी नुकसान होता है और अनेक अवसरों पर उत्पादन करने वाले वर्ग के लिए लागत निकल पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कुल मिलाकर उपभोक्ता महंगी सब्जियां खाने के लिए मजबूर हो जाता है। इसलिए शहरी क्षेत्र में जागरूक लोगों ने अपने मकान की छत का सदुपयोग करने के साथ छोटे बड़े गमले में मौसम की सब्जियां को उगाना शुरू कर दिया है ताकि उनके माध्यम से सीमित आवश्यकता की पूर्ति की जा सके

# जिले में क्रेडा की पानी टंकियां साबित हो रही सफेद हाथी

**जांजगीर-चांपा।** क्रेडा द्वारा निर्मित सोलर सिस्टम से पानी टंकी जिलेवासियों के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है। जिले भर में तकरीबन 500 से अधिक पानी टंकियों का निर्माण किया गया है जिसमें 50 फीसदी सिस्टम फेल हो चुके हैं। इसके चलते ग्रामीणों को गर्मी का मौसम आए बिना ही पानी की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है।

क्रेडा विभाग ने तकरीबन 500 गांव में सोलर सिस्टम से पानी टंकी का निर्माण किया है। जिसमें सोलर सिस्टम से मोटर चलेगी और टंकी में पानी भरने के बाद पाइप लाइन से गांव में जल आपूर्ति होगी। क्रेडा विभाग ने तकरीबन 25 फीसदी गांव में इस सिस्टम से पानी टंकी का निर्माण किया है लेकिन विभागीय अधिकारी जब सिस्टम में किसी तरह का सुधार की जरूरत पड़ती है तो पलटकर नहीं देखते। अधिकतर गांव के ग्रामीणों को इस बात की चिंता सता रही है कि अभी यह हाल है तो आने वाले गर्मी के दिनों में क्या हाल होगा। ग्रामीणों का कहना है कि पहले टंकी से पानी आता भी था लेकिन अब नल में बूंद बूंद पानी टपकता है। जो ग्रामीणों के लिए किसी काम का नहीं रहता। जबकि ग्रामीणों ने इसकी कई बार क्रेडा विभाग को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई ग्रामीणों की बात को सुनने वाला नहीं है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि टंकी में वाटर सप्लाई के सिस्टम को जल्द नहीं सुधारा गया तो ग्रामीण अंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इधर क्रेडा% के अधिकारियों का मानना है कि जहां जहां शिकायत मिलती है वहां के सिस्टम को ठीक किया जाता है।

कुछ इसी तरह की परेशानियों के चलते पामगढ़ ब्लाक के कोनारगढ़ के ग्रामीणों को इन दिनों पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। कहने को तो गांव में क्रेडा विभाग ने सौर उर्जा से जुड़ी दो-दो पानी टंकी का निर्माण किया है लेकिन दोनों ही टंकियां ग्रामीणों के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है। ग्रामीणों की माने तो अभी जब यह हाल है तो आने वाले गर्मी के दिनों में क्या हाल होगा अंदाजा लगाया जा सकता है। क्रेडा विभाग ने कोनारगढ़ में लाखों रुपए की लागत से सौर उर्जा के माध्यम से दो-दो पानी टंकी का निर्माण किया है। पानी टंकी को बने दो साल बीत गए। जिसमें एक टंकी में जैसे तैसे पानी आता है लेकिन दूसरी टंकी पूरी तरह से सो पीस बनकर रह गया है। सच कहा जाए तो सोलर सिस्टम से जल आपूर्ति कराई जाने के मामले में विभाग द्वारा जिन ठेकेदारों द्वारा काम कराया गया है उनसे मोटी रकम कमीशन लेकर आनन-फानन में हैड ओवर कर दिया गया है किंतु इन निर्माण किए गए पानी टंकियों का अस्तित्व अब खतरे में है वहीं इसके ऊपर निर्भर ग्रामीणों का जीवन भी परेशानियों से होकर गुजरने लगी है। कहा जाए तो अधिकारी कमीशन लेकर मालामाल हो रहे हैं और जिन स्थानों पर यह सोलर और पानी टंकियां का निर्माण कर जल आपूर्ति करने का लक्ष्य रखा गया है वहां के ग्रामीण जन तंगहाल जीवन जीने को मजबूर है ऐसे में इन कार्यों की सूक्ष्म जांच किया जाना आवश्यक है ताकि भ्रष्टाचार से परत है सके।

जिले में क्रेडा विभाग द्वारा तकरीबन 500 पानी टंकियों का निर्माण किया गया है। हमें जहां जहां से शिकायत मिलती है वहां वहां कार्रवाई करते हैं।

– आलोक तिवारी, प्रभारी क्रेडा

# तालाब में डूबे युवक का नहीं चला पता

**जांजगीर चांपा।** बलौदा के तालाब में दुबे युवक का 30 घंटे के बाद भी कोई पता तक नहीं चल सका है। जबकि गोताखोर के अलावा जांजगीर व बिलासपुर की एसडीआरएफ टीम 30 घंटे से सर्च ऑपरेशन चला रही है। फिर भी एक छोटे से तालाब में डूबे युवक को निकालने में सफलता हाथ नहीं लग सकी है।

बलौदा शहर के घुनी तालाब में रविवार 10 दिसंबर की दोपहर 3 बजे बलौदा नगर के सतीष तंबोली के पुत्र आनंद अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था। दोस्तों के साथ मस्ती करते हुए नहा रहे थे। इसी दौरान अचानक गहरे खाई में फिसलकर तालाब में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए एक दोस्त ने प्रयास किया। उसने आनंद को बचाने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। कुछ देर बाद वह उसे निकालने का बहुत प्रयास किया। आखिरकार उसके हाथ में आनंद का सिर का बाल लगा, उसे खींचने का प्रयास किया, लेकिन हाथ से छूट गया और गहरे पानी में डूब गया। दोस्त के द्वारा उसे बहुत खोजने का प्रयास किया, लेकिन नहीं मिलने पर वह लौट आया। तब जाकर परिजनों को इस घटना की सूचना दी। परिजन भी प्रयास करने लगे इसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी।

**कोई अफसर जायजा लेने तक नहीं पहुंचे**

22 वर्षीय आनंद तंबोली के तालाब में डूबने से नगर में मातम का माहौल है। तालाब में लोगों की भीड़ लगी हुई है। माता-पिता का रो-रोककर बुरा हाल हो रहा है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि पुलिस के अलावा कोई अधिकारी जायजा लेने तक पहुंचे हैं। जबकि 30 घंटे से ज्यादा समय तक रेक्स्यू चलाई जा रही है, पूरे जिले में इसकी खबर आग की तरह फैल गई है। फिर तहसीलदार, एसडीएम सहित अन्य अफसरों को कोई सरोकार नहीं है।

पर पहुंचकर अपने स्तर में प्रयास किया तालाब में डूबे आनंद का 30 घंटे गुजर जाने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। उसे खोजने के लिए स्थानीय पुलिस, गांव के ही मछुआरे अपनी जाल से ढूंढने का प्रयास लगातार कर रहे हैं। साथ ही जांजगीर व बिलासपुर से बचाव दल में एसडीआरएफ, होमगार्ड, पुलिस की टीम लगी हुई है। मोटर बोट, ऑक्सीजन सिलेंडर, स्कूबा ड्राइविंग का प्रयोग भी किया जा रहा है। टीम लगातार 30 घंटे से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी।

## जान से मारने की धमकी देते किया दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** पीड़िता ने थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराई की



आरोपी रंजन नायक से जान पहचान था, दिनांक 28.07.23 को शाम को घर पर अकेली थी तभी आरोपी द्वारा घर आकर धमकी देते हुए जबरदस्ती दैहिक शोषण किया और फोटो, वीडियो बना लिया किसी को बताओगी तो जान से मारने की धमकी देते हुए फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा, पीड़िता डर से नही बताती थी। आरोपी द्वारा पीड़िता को धमकी देते हुए पैसे की मांग करने लगा नही देने पर आरोपी द्वारा वीडियो, फोटो को व्हाट्सएप ऐप के माध्यम से वायरल कर दिया की रिपोर्ट पर थाना चांपा में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 582/23 धारा 376 (2) ढ 506, 509 ख भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया।

# आरटीओ कार्यालय में दलालों की मौज

## लाइसेंस बनवाने के लिए वसूल रहे मनमानी रकम

**जांजगीर चांपा।** जिला परिवहन कार्यालय में लाइसेंस बनवाने सामान्य व्यक्ति को महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं लेकिन ऑफिस के बाहर दर्जनों कार में एजेंट मोटी रकम लेकर यह काम बड़ी आसानी से करा देते हैं। इसके लिए बस लाइसेंस बनवाने वाले को मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है। यहां बगैर ड्राइविंग टेस्ट दिए ही फोर व्हीलर के लाइसेंस बनाए जाते हैं। इसके लिए 3700 से 4000 रुपए खर्च करने पड़ते हैं। इसके पास प्रिंटर मशीन, लैपटॉप से लेकर सारी सुविधा ही कार में लैस है। आखिर इन सुविधाओं को सरकारी कार्यालय में खुद विभाग द्वारा क्यों उपलब्ध नहीं किया जाता यह समझ से परे है।ऑनलाइन फॉर्म भरने के एवज में खुलेआम आम लोगों को लूटने का काम चल रहा है। लाइसेंस बनाने का दावा करने वालों का तो यह भी दावा है कि इस काम के लिए ऑफिस के बाबू से लेकर अफसर तक मोटी पहुंचाते हैं। सोमवार को कुछ लोग लाइसेंस बनवाने के लिए पहुचे तो एजेंट ने 3700 से 4000 रुपए में बिना ट्रायल लाइसेंस बनवाने की बात कही । एजेंट ने बकायदा इसके लिए दोगुना फीस तय कर रखा है, टू प्लस व फोर व्हीलर के लिए 3700 से 4000 रुपए लग रहे हैं।

यह पूरा खेल परिवहन विभाग के संरक्षण में चल रहा है, यही वजह है कि ऑनलाइन के नाम पर कार में बैठे दलालों को किसी तरह की कार्रवाई का कोई खौफ नहीं है।

जिला मुख्यालय में आरटीओ ऑफिस कार में ही चल रहे हैं। आरटीओ ए?जेंट वाहनों में ही रजिस्ट्रेशन, लर्निंग और ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित कार्य खुलेआम ऑफिस के ब बाहर कर रहे। कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि। बिना टेस्ट दिए तीन गुना रकम लेकर ड्राइविंग लाइसेंस बना रहे हैं। इसमें आरटीओ ऑफिस के अधिकारियों का खुला संरक्षण है। इसीलिए जानकारी के अभाव में लोग आफिस में काम पेचीदा होने के कारण इन दलालों के चक्कर में फंसकर ज्यादा रुपए चुकाने मजबूर हैं। वहीं अधिकारी भी इन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

**हर काम ऑनलाइन, फिर भी एजेंट राज अब भी हावी**

वर्तमान में धीरे-धीरे हर ऑफिस मे भ्रष्टाचार को कम करने के लिए ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके अलावा लोगों का काम आसानी से हो सके। आरटीओ ऑफिस में भी सारे काम ऑनलाइन है, लेकिन इसके लिए एजेंट सक्रिय हैं और मोटी रकम वसूलकर लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है। इसमें क्लर्क तक मिले हैं, सामान्य व्यक्ति को लाइसेंस बनवाने के लिए कई बहाना बनाकर महीनों तक घुमाया दिया जाता है। वहीं जब एजेंट पहुंचते है तो लाइन में लगे लोगों के पहले एजेंट के व्यक्ति का पहले फोटो व हस्ताक्षर लिया जाता है। ऐसे में कई बार विवाद की स्थिति भी बनती है।

ऑफिस के बाहर कार में बैठे दलालों का ठाठ इतना अधिक है कि वह किसी अधिकारी से कम नहीं रहते इनके पास अनेक चार पहिया वाहन तथा मोटी रकम के अलावा कई लाख रुपए की ऐशो आराम की वस्तुएं इसी दलाली के कार्यों से इकट्ठा करके अपने पास रखे हुए है। जो लाइसेंस बनवाने वाले लोगों से मोटी रकम वसूली कर लंबे समय से इस कार्यालय में अंगद के पांव की तरह जमे हुए हैं। इतना ही नहीं बल्कि कुछ आरटीओ दलाल तो ऐसे हैं जो अपने आप को किसी न किसी राजनेता का गरीबी बताकर अधिकारियों का स्थानांतरण एवं पदोन्नति का भी दंभ भरते हैं ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आरटीओ कार्यालय में दलाली करने वाले लोगों की पकड़ कितनी अधिक है । किंतु दुख का विषय है यह कि आम लोगों की सुविधा के लिए ना तो शासन सामने आता है और ना ही प्रशासन। नतीजा अधिकारियों एवं दलालों के बीच उपभोक्ता पीसे जा रहे हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने आसपास से बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्त

**जांजगीर-चांपा।** श्रीमद् भागवत महापुराण भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम बोड़सरा में 6 दिसंबर -को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ -किया गया। कथा व्यास पं. उपेन्द्र कुमार पाण्डेय हैं। कथा दोपहर 2 बजे से किया जा रहा है। व्यासपीठ से पं. उपेन्द्र कुमार पाण्डेय वामन अवतार, श्रीराम चरित्र, कृष्णावतार की चरित्र को विस्तार पूर्वक बताया कि हर साल भाद्रपद महीने के शुक्लपक्ष की द्वादशी तिथि को वामन जयंती के मनाई जाती है, धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन त्रेतायुग में भगवान विष्णु ने वामन अवतार में धरती



पर जन्म लिया था, वामन देवका अवतार भगवान विष्णु का पांचवा अवतार माना जाता है, इससे पहले भगवान मत्स्य, कूर्म, वराह और नरसिंह अवतार में जन्म ले चुके हैं। इस तिथि में वामन देव का जन्म होने के कारण इसे वामन जयंती के रूप में मनाया जाता है, इसे वामन द्वादशी भी कहते हैं।

इस दिन व्रत रखकर वामन देव की पूजा की जाती है। इस साल वामन जयंती 26 सितंबर 2023 को मनाई जाती है।

मान्यता है कि वामन देव की पूजा करने से जीवन के दुख, दर्द और दरिद्रता दूर हो जाते हैं। राजा बलि और वामन अवतार से जुड़ी कथा है। वामन देव भगवान विष्णु के अवतार हैं। असुरों के राजा बलि ने देवताओं को युद्ध में पराजित कर दिया था और स्वर्ग अपने कब्जे में ले लिया था। बलि की वजह से सभी देवता बहुत दुखी थे। दुखी देवता अपनी माता अदिति के पास पहुंचे और अपनी

समस्या बताई। इसके बाद अदिति ने पति कश्यप ऋषि के कहने पर एक व्रत किया, जिसके शुभ फल से भगवान विष्णु ने वामन देव के रूप में जन्म लिया। वामन देव ने छोटी उम्र में ही दैत्यराज बलि को पराजित कर दिया था। बलि अहंकारी था, उसे लगता था कि वह सबसे बड़ा दानी है। विष्णु जी वामन देव के रूप में उसके पास पहुंचे और दान में तीन पग धरती मांगी।

## गुम हुए 100 बच्चों व महिला-पुरूषों को खोजा पुलिस ने

**जांजगीर।** जिला पुलिस द्वारा गुम इंसानों की दस्तयाबी हेतु विशेष



अभियान चलाया गया। अभियान के तहत् 1 दिसंबर से अब तक की स्थिति में कुल 100 बच्चों व महिला, पुरूष को खोज लिया है। जिले में गुम बालिका/बालिका, गुम पुरुष /महिला की दस्तयाबी हेतु थाना/चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया गया था। गठीत टीमों के द्वारा गुम बालक/बालिकाओं एवं गुम पुरूष /महिला को जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, नोएडा, आगरा एवं एवम अन्य राज्यो से तथा छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलो से बरामद कर दस्तायाब किया गया है* जिसमें थाना जांजगीर में 02 बालिका, 01 पुरूष एवं 05 महिला, चौकी नैला में 03 पुरूष एवं 02 महिला, थाना बलौदा में 01 पुरुष एवं 12 महिला, चौकी पंतोरा में 02 महिला, थाना अकलतरा में 01 बालक, 01 बालिका, 01 पुरूष एवं 08 महिला, थाना मुलमुला में 02 पुरूष 13 महिला, थाना पामगढ़ में 01 बालक, 01 बालिका, 01 पुरुष, 08 महिला, थाना शिवरीनारायण में 01 पुरुष, 06 महिला थाना नवागढ़ में 02 पुरूष, 14 महिला, थाना बिर्रा में 01 बालिका, 01 महिला, थाना बम्हनीडीह में 02 महिला, थान सारागांव में 01 महिला, थाना चाम्पा में 04 पुरूष एवं 03 महिला इस प्रकार जिले में कुल 100 गुम बालक/बालिका, गुम पुरुष / महिला को बरामद किया गया है। जिला पुलिस जांजगीर - चांपा द्वारा लगातार गुम बालक/बालिकाओं गुम पुरूष/महिला का पतासाजी दस्तयाबी हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## हर तरफ जाम लगने की समस्याओं ने बढ़ायी परेशानी

**जांजगीर- चांपा ।** पुराना जिला चिकित्सालय के



सामने नगर पालिका के द्वारा दैनिक सब्जी बाजार बैठाया गया है। इस छोटे से जगह में सब्जी बाजार सहित छोटे व्यवसायियों का होटल, पान दुकान संचालित होते हैं। यहां पार्किंग के लिए कोई जगह नहीं है। सब्जी खरीदी करने अने वाले ग्राहक सड़क पर ही अपनी चार पहिया और दो पहिया वाहनों को खड़ी कर देते हैं। मुख्य मार्ग होने के चलते बस और अन्य चार पहिया वाहनों की दिनभर आवाजाही लगी रहती है। जिसके कारण सड़क जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है और कई लोग दुर्घटना के भी शिकार हो जाते हैं। सीसी रोड बनाकर सड़क की चौड़ाई बढ़ाई गई है उसी में ही लोग अपनी वाहन पार्किंग कर रहे हैं। छह माह पहले जिला प्रशासन द्वारा शहर को सुव्यवस्थित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया था मगर उस दिशा में भी कोई पहल नहीं हो पा रही है। प्रशासन तीन महीने तक विधानसभा चुनाव की तैयारी में ही लगी रही। शहर के अव्यवस्थित विकास का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा हैं। हास्पिटल कैंपस में ही इतनी जगह है कि यहां स्टेट बैंक, हटरी व एसडीएम आफिस के विकल्प पार्किंग हो सकते है परंतु इस दिशा में कोई प्रयास ही नहीं किया जा रहा है। यहां दैनिक हटरी बाजार तो लग रहा है।

# गर्भवती महिला को हायर सेंटर ले जाने से महतारी एक्सप्रेस के चालक ने किया मना

**अकलतरा ।** गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए अस्पताल लाने ले जाने शुरू की गई महतारी एक्सप्रेस की सुविधा का लाभ नहीं मिलने से महिलाओं की जान पर बन आ रही है। महतारी एक्सप्रेस के चालक अब अपनी मनमानी पर उतर आए हैं। शनिवार की रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव से कराह रही एक गर्भवती महिला को महतारी एक्सप्रेस के चालक ने इमरजेंसी में भी बिलासपुर ले जाने से इंकार कर दिया। ऐसे में महिला के स्वजन को आधी रात एंबुलेंस के लिए भटकना पड़ा।



नगर के कुंवर भवन भास्कर सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार 9 दिसंबर की रात 11ः30 बजे ग्राम किरारी निवासी अशोक यादव अपनी पत्नी मंजू यादव को डिलीवरी के लिए लेकर पहुंचा था। अस्पताल में नाइट ड्यूटी कर रहे डाक्टर प्रमोद चंद्रा के द्वारा मंजू यादव का परीक्षण करने के पश्चात जिला अस्पताल जांजगीर के लिए रेफर कर दिया गया। अशोक यादव के द्वारा महतारी एक्सप्रेस 102 में फोन कर सिम्स बिलासपुर जाने के लिए मदद मांगी गई तो 102 के काल सेंटर से यह बताया गया कि महतारी एक्सप्रेस का ड्राइवर उपलब्ध नहीं है। जबकि महतारी एक्सप्रेस 102 का ड्राइवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही बैठा हुआ था। महिला की बिगड़ती हुई स्थिति को देखते हुए चिकित्सक डा प्रमोद चंद्रा के द्वारा भी महतारी एक्सप्रेस के ड्राइवर से मदद की गुहार लगाई गई कि महिला एवं उसके परिजनों को जांजगीर अथवा बिलासपुर ले जाए लेकिन महतारी एक्सप्रेस के ड्राइवर ने हमें क्रिटिकल केस में नहीं जाना है कह कर मना कर दिया।

डा. प्रमोद चंद्रा ने बताया कि ठीक उसी रात 1 घंटे बाद 12.30 बजे भी इसी प्रकार का एक और केस आया जिसमें महिला प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी लेकिन दोबारा महतारी एक्सप्रेस 102 के ड्राइवर ने जांजगीर या बिलासपुर जाने से मना कर दिया। इस पर डाक्टर प्रमोद चंद्रा ने महतारी एक्सप्रेस 102 के काल सेंटर में काल कर कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने एक सूचना चस्पा करें कि किस प्रकार के केस में महतारी एक्सप्रेस की सुविधा क्षेत्र के निवासियों को नहीं मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कुछ कर्मचारियों ने बताया कि महतारी एक्सप्रेस के ड्राइवर के द्वारा कहीं भी जाने के लिए मरीजों के स्वजन को परेशान किया जाता है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए अस्पताल लाने ले जाने शुरू की गई महतारी एक्सप्रेस की सुविधा का लाभ नहीं मिलने सेमहिलाओंकी जान पर बन आ रही है।

**निजी एंबुलेंस के संचालक ने दिया मानवता का परिचय**

महतारी एक्सप्रेस के ड्राइवर के द्वारा प्रसव पीड़ा से ग्रसित महिला को बिलासपुर ले जाने से मना किए जाने के बाद अशोक यादव ने मां कर्मा एंबुलेंस के संचालक पारस साहू को फोन कर अपनी व्यथा बताई तो पारस साहू ने निश्शुल्क प्रसूता एवं स्वजन को बिलासपुर सिम्स पहुंचा कर मानवता का परिचय दिया।

# दुष्कर्म के आरोपी को मिली 10 साल कठोर कारावास

**जांजगीर-चांपा।** शादी का झांसा देकर



दुष्कर्म करने वाले आरोपी को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश जून ने 10 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। मामला सितंबर 2021 का है।

अभियोजन के अनुसार घटना दिनांक 16 सितंबर 2021 को पीड़िता जब घर में अकेली थी। पीड़िता की मां खेत गई थी व भाई काम के तलाश में चांपा गया था। उसी समय करीब सुबह 10 बजे आरोपी प्रमोद केंवट पीड़िता के घर पहुंचा। इसके बाद पीड़िता को शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता के मां व भाई उसी समय घर लौट आए। पीड़िता की मां घर अंदर पहुंची तो आरोपी छिपा था। पीड़िता का भाई आया तो आरोपी वहां से भाग निकला। पीड़िता की मां मोहल्ले में पंचायती कराई, तब आरोपी शादी के लिए राजी हो गया। मार्च माह में शादी करूंगा कहकर इकरारनामा लिखा था। आरोपी अपने माता-पिता के साथ कमाने खाने बाहर चला गया। मार्च में शादी करने नहीं आया और पीड़िता से शादी नहीं किया। 21 दिसंबर 2022 को जब आरोपी चांपा में मिला और पीड़िता के साथ शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध सिद्ध होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी के खिलाफ विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिस पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश जून ने कोरबा जिला के कटघोरा थाना के गांव सलोरा निवासी प्रमोद पिता रामप्रसाद केंवट (24) को धारा 376 के तहत 10 साल के कठोर कारावास से दंडित किया गया। साथ ही 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। साथ ही 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर एक वर्ष का साधारण कारावास भुगतने का आदेश दिया गया। मामले में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक जांजगीर राजेश पांडेय ने पैरवी की।

# पार्किंग में अव्यवस्था, परेशान हो रही जनता

**जांजगीर - चांपा ।** जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग में वाहनों के अवैध पार्किंग से लोगों को छुटकारा नहीं मिल रहा है। इसके चलते आवागमन करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विवेकानंद मार्ग में एसबीआई बैंक के सामने बेतरतीब पार्किंग का नजारा आम है। मगर पुलिस और नगर पालिका के द्वारा कभी भी बैंक प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाती है। यातायात उल्लंघन के नाम पर पुलिस रोज वाहन चालकोंसे जुर्माना जरूर वसूल रही है। मगर मार्ग को अवैध पार्किंग से मुक्त कराने में यातायात पुलिस व पालिका असफल होचुकी है।



जिला मुख्यालय की अधिकांश सड़कों में वाहनों के वेतरतीब खड़े होने से राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। नगर के अधिकांश मार्ग लोगों के वाहनों का अघोषित पार्किंग स्थल बन गया है। खासकर विवेकानंद मार्ग में एसबीआई बैंक के सामने बेतरतीब पार्किंग का नजारा आम है। मगर पुलिस और नगर पालिका के द्वारा कभी भी बैंक प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाती है। यातायात पुलिस और नगर पालिका इन मार्गों को वाहनों से मुक्त करने में पूरी तरह असफल हो गई है। वहीं सड़क के किनारे अवैध कब्जा और निर्माण सामग्री रखे होने से आवागमन में बाधा के साथ दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। मगर नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों को इससे कोई सरोकार नहीं है। वे भी अपनी जवाबदारियों से बच रहे हैं। दोनों विभागों की उदासीनता के कारण राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों के साथ अन्य राहगीरों के लिए यह सिरदर्द बन गया है।

## चैतन्य के निखिल शास्त्री असम में दिखायेंगे बैडमिंटन में जौहर

**पामगढ़ ।** चैतन्य विज्ञान एवं कला महाविद्यालय के छात्र निखिल



शास्त्री का नार्थ-ईस्ट जोनल अंतर विश्वविद्यालयीन बैडमिंटन स्पर्धा के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 दिसंबर को डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय असम में होगा। जिसमें निखिल शास्त्री शहीद नंदकुमार पटेल विवि रायगढ़ की टीम से खेलेंगे। ज्ञात हो की निखिल ने सेक्टर एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। जिसके आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होने पर महाविद्यालय के संचालक वीरेंद्र तिवारी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डा. वी.के. गुप्ता ने बधाई दी है। महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी, प्रशिक्षक सहित समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने खिलाड़ी के उज्वल भविष्य की कामना की है। महाविद्यालय के खिलाड़ियों सहित छात्रों में हर्ष व्याप्त है।

## जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक स्थगित

**जांजगीर-चांपा।** सिविल सर्जन ने बताया कि दिनांक 12 दिसंबर 2023 दिन मंगलवार को आयोजित होने वाली जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।



चंद्रपुर इलाके में ठंड बढ़ने के साथ अलाव का उपयोग बढ़ गया है।

## जिला रोजगार कार्यालय में 12 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 12 दिसम्बर 2023 दिन मंगलवार को जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के नियोजक चौतन्य इंडिया फाइनेंसियल केडिट प्राईवेट लिमिटेड रायगढ़ एवं शिव शक्ति बॉयोप्लॉटेक लिमिटेड रायपुर द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव के 50 पद एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के 30 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उक्त पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता 10वी 12वी उत्तीर्ण रखी गई है। कंपनी द्वारा चयनित युवाओं का वेतनमान 8300 से 15000 रुपये व अन्य भत्ता कंपनी द्वारा निर्धारित किया गया है। चयनित उम्मीद्वारों का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ के अंतर्गत रहेगा। उक्त प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप भाग ले सकते है ।

# अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में आमजनों की सुनी समस्याएं

**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय ने आज कलेक्टोरेट में जनदर्शन के माध्यम से आमनागरिको की समस्याएं सुनी। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

आज जनदर्शन में ग्राम सोनाईडीह के श्री नकुल प्रकाश द्वारा दिव्यांग पेंशन, जांजगीर के आवेदक शिवानंद, रामकुमार एवं कृष्ण कुमार साहू द्वारा मुआवजा की राशि दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इसके साथ ही अन्य आवेदको द्वारा पट्टा दिलाने, मुआवजा दिलाने, आर्थिक सहायता, भूमि सीमांकन, राशनकार्ड, विधवा पेंशन संबंधी कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर ने प्राप्त सभी



आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक सोमवार को 10.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

## अनमोल वचन

**अपने संघर्ष को अपना जुनून बना लो जब तक वह तुम्हारी कहानी ना लिख दे..!**

# जो बोलेगा, वो जाएगा!

*मोइत्रा के मामले में इथिक्स कमेटी की रिपोर्ट को सांसदों को पढ़ने का पर्याप्त समय दिया जाता और मोइत्रा को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाता, तो संदेश यह जाता कि उन पर कार्रवाई न्याय की सामान्य प्रक्रियाओं के अनुरूप की गई है। इस बात को साक्ष्यों के आधार पर कहना मुश्किल हो सकता है, फिर भी यह धारणा देश में गहराती जा रही है कि एक उद्योगपति विशेष से वर्तमान सरकार की निकटता पर बोलने वाले लोगों की खैर नहीं है! संसद में तीन सदस्यों ने ऐसा करने की कीमत चुकाई है। सबसे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द हुई, जो सुप्रीम कोर्ट के न्यायिक हस्तक्षेप से जाकर बहाल हो पाई। उसके बाद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के जेल जाने की नौबत आई। और अब तृणमूल कांग्रेस की सदस्य महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता छीन ली गई है। यह तो नेताओं की बात है। पत्रकारिता में भी ऐसी कुछ मिसालें हैं, जिनके आधार पर ऐसी धारणा गहराई है। ध्यान देने की बात यह है कि अक्सर कई ऐसी धारणाओं, जिनके सिर-पैर नहीं होते, लेकिन वे भी लोगों के मन में बैठती चली जाती हैं। फिलहाल, गौरतलब यह है कि मीडिया और राजनीतिक कथानक पर सत्ताधारी पार्टी के लगभग पूरे नियंत्रण के बावजूद जनमत के एक बड़े हिस्से में उपरोक्त धारणा मजबूत होती चली गई है। संभवतः ऐसा नहीं होता, अगर उपरोक्त नेताओं या पत्रकारों पर कार्रवाई की प्रक्रिया पारदर्शी रखी जाती और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन होता दिखता। मसलन महुआ मोइत्रा के मामले में इथिक्स कमेटी की रिपोर्ट सदन में लाने से पहले लोकसभा सदस्यों को उसे पढ़ने का पर्याप्त समय दिया जाता और मोइत्रा को उस पर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाता, तो संदेश यह जाता कि उन पर कार्रवाई न्याय की सामान्य प्रक्रियाओं का पालन करते हुए की गई है। जबकि बीते हफ्ते जिस रूप में यह संसदीय कार्रवाई हुई, उसे बहुमत के जरिए पूर्व निर्धारित निर्णय को थोपने की प्रक्रिया के रूप में देखा गया है। फिलहाल, पर्याप्त सियासी बहुमत और चुनाव मशीनरी की अपनी बेजोड़ ताकत के बूते भारतीय जनता पार्टी ऐसे संदेशों और धारणाओं की परवाह नहीं कर रही है। लेकिन उसे यह याद रखना चाहिए कि उसका यह नजरिया देश और लोकतंत्र के हित में तो नहीं ही है, यह खुद उसके दीर्घकालिक भविष्य के लिए भी हानिकारक हो सकता है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप लक्ष्य को पाने के लिए एक्टिव रहेंगे ताकि कोई भी मौका चूक न जाए। जो लोग व्यापार करते हैं या जो नौकरी करते हैं, उनके करियर में उत्तम परिणाम मिलने के योग हैं। आज आपको जो भी काम मिलेगा, उसे आप अच्छी तरह तय समय पर पूरा कर दिखाएंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपको लाभ दिलाने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं से निपटने का रास्ता ढूंढ लेंगे और अपनी सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। आपके कारोबार में बढ़ोतरी के योग हैं। व्यापार अच्छा चलेगा। आपके प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी ।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको भाग्य का साथ मिलेगा। साथ ही आपके निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। आपको नौकरी में पदोन्नति के साथ ट्रांसफर होने की संभावना है। जो नौकरी ढूंढ रहे हैं उन्हें अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं । व्यापार में लाभ के संकेत हैं, आमदनी बढ़ेगी जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क राशिः** आज आपको अपने मनचाहे काम में सफलता मिल सकती है। नौकरी में आज संभव है, आपको किसी अच्छी जगह ट्रांसफर मिल जाए जहां जाने की आप लंबे समय से उम्मीद कर रहे थे। व्यवसाय कर रहे लोगों को कुछ अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आर्थिक लाभ भी मिलेगा। पारिवारिक स्तर पर तालमेल बना कर रखना चाहिए

**सिंह राशिः** आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा। आज किसी धार्मिक समारोह में हिस्सा लेंगे और ज्यादा लोगों से आपके संपर्क जुड़ेंगे, जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध हो सकता है और आपके व्यवसाय के लिए भी फायदेमंद रहेगा जिससे आपकी स्थिति में सुधार होगा । नौकरी में किसी प्रोजेक्ट के लिए यात्रा हो सकती है। आज अपना पूरा ध्यान काम पर लगाएंगे।

**कन्या राशिः** आज आपको किसी तरह के कानूनी मामलों में दोस्तों की मदद मिलेगी और आपकी समस्याओं का समाधान होगा। आपके प्रयासों की सराहना की जाएगी, जो आपको किसी तोहफे की तरह महसूस करा सकता है। नौकरी में आपकी कार्यक्षमता के लिए अधिकारियों से पुरस्कार भी मिल सकता है।

**तुला राशिः** आज आपका मन शांत रहेगा और मन में नये-नये विचारों का समावेश होगा। यदि आंखों या गले की कोई समस्या लग रही है तो भ्रामरी प्राणायाम करें तथा नित्य ठंडे पानी से आंखों को धोने की आदत डालें, लाभ मिलेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज का दिन शुभ समाचार लेकर आ सकता है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको नौकरी में खुद को साबित करने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत पड़ेगी। इस तरह आप अपनी स्थिति मजबूत कर पायेंगे और आपके प्रमोशन की बात पक्की हो सकती है। बिजनेस के क्षेत्र में उतार चढ़ाव आ सकते हैं परन्तु विदेशी संपर्कों से लाभ मिलेगा और व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी।

**धनु राशिः** आज आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे आपको खुशी मिलेगी और आप कहीं की यात्रा का प्लान बनाएंगे। नौकरी में बदलाव के लिए सोच सकते है यह आपके लिए अच्छा रहेगा सैलरी में बढ़ोतरी होगी।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके करियर में बदलाव लेकर आ सकता है। आप नौकरी बदलने के बारे में सोच सकते हैं। नौकरी के लिए प्रयास करेंगे और सफल होंगे। व्यापार से जुड़े लोगों को बिजनेस बढ़ाने के मौके मिल सकते हैं। आमदनी बढ़ेगी और आप धन संचय करने में कामयाब रहेंगे लेकिन स्वास्थ्य मामलों पर कुछ खर्चे हो सकते हैं।

**कुम्भ राशिः** आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नौकरी में अपनी मेहनत से धन कमाने में कामयाब रहेंगे। व्यापार में लाभ की संभावना है आमदनी बढ़ सकती है आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। लवमेट्स के लिए दिन अच्छा है आपसी सूझ-बूझ से रिश्ते को आगे बढ़ाने प्रयास करेंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको आपकी मेहनत से नौकरी में अच्छे नतीजे प्राप्त होंगे आपकी सराहना होगी और पदोन्नति का मौका मिल सकता है। आपके निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी। बिजनेस में तरक्की होगी, आपको समाज के वरिष्ठ अनुभवी लोगों से आज सहयोग मिल सकता हैजो आपके कैरियर के लिए लाभकारी होगा।

# विपक्ष अभी भी भाजपा की ताकत को समझा नहीं!

//सत्येन्द्र रंजन//

**अगर विपक्ष ऐसे ही टोने-टोटकों और जोड़-तोड़ के समीकरणों के भरोसे बैठा रहा, तो कहा जा सकता है कि 2024 और उसके आगे भी आम चुनावों में उसका कोई भविष्य नहीं है। अगर वह अपना भविष्य बनाना चाहता है, तो उसे राजनीति की नई परिकल्पना करनी होगी- राजनीति क्या है इसकी एक नई समझ बनानी होगी। नई राजनीति नए तौर-तरीकों से ही की जा सकती है। इसलिए ऐसे तौर-तरीके ढूंढने होंगे।लेकिन ऐसा इलीट कल्चर (अभिजात्य संस्कृति) में जीते हुए करना असंभव है। यह एक श्रमसाध्य राजनीति है, जिसके लिए कम से कम आज का विपक्ष तो तैयार नहीं दिखता। चार राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नतीजे ऊपरी तौर पर यह बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के समर्थन आधार में विस्तार का सिलसिला अभी रुका नहीं है। तेलंगाना में एक हैरतअंगेज उलटफेर में कांग्रेस ने भारत राष्ट्र कांग्रेस (बीआरएस) को हरा दिया, लेकिन उसका भाजपा की सियासत के लिए कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं होगा। असलियत तो यह है कि वहां भी भाजपा के समर्थन आधार में विस्तार ही हुआ है।**

तो प्रश्न है कि आखिर यह परिघटना क्यों बेरोक आगे बढ़ रही है। क्या इसे विपक्ष की कुछ बुनियादी नाकामियों के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इन नाकामियों में सर्व-प्रमुख तो संभवतः यही है कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भाजपा ने देश की राजनीति का संदर्भ बिंदु जिस मूलभूत रूप में बदल दिया है, विपक्ष ने संभवतः अभी तक उसके समझने की शुरुआत भी नहीं की है। वह अभी तक अपनी रणनीतियां इन्कम्बैंसी-एंटी इन्कम्बैंसी और जातीय-सामाजिक समीकरणों के पुराने संदर्भ बिंदुओं पर ही बना रहा है।

वैसे यह बात सिर्फ संसदीय विपक्षी दलों पर लागू नहीं होती। बल्कि व्यापक रूप से यह लगभग समग्र गैर-भाजपा सोच वाले दायरे/शक्तियों पर लागू होती है। इसलिए कि उस दायरे में भी इस बुनियादी सवाल पर शायद ही कभी चर्चा होती है।

बहरहाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के ताजा चुनाव नतीजों के बाद यह महत्त्वपूर्ण सवाल फिर प्रासंगिक हो गया है कि भाजपा आखिर लगातार जीत क्यों रही है। इस प्रश्न पर चर्चा से पहले ये तथ्य ध्यान में रखना चाहिए कि आज भी भाजपा का मुख्य गढ़ हिंदी भाषी प्रदेश और देश के पश्चिमी राज्य ही हैं। इसलिए उसकी ताकत पर चर्चा के संदर्भ में यहां के सियासी रुझान ही सबसे अहम हैं।

मुमकिन है कि इन क्षेत्रों में भी कभी-कभार कुछ स्थानीय समीकरणों और कारणों से भाजपा हार जाती हो। इसके बावजूद तथ्य यही है कि उस हाल में भी उसके अपने ठोस समर्थन आधार में ज्यादा सेंध नहीं लगती। यहां तक कि दक्षिण राज्य कर्नाटक में पिछले विधानसभा चुनाव में भी अन्य समीकरणों के कारण भले भाजपा हार गई, लेकिन अपने वोट आधार (36 प्रतिशत) की रक्षा करने में वह वहां भी सफल रही थी।

तो विपक्ष मोटे तौर पर कहीं भी भाजपा के समर्थन आधार में विस्तार को क्यों नहीं रोक पा रहा है। इसकी एक वजह यह बताई जा सकती है कि भाजपा के पास आज अकूत संसाधन हैं। वह देश के कॉरपोरेट सेक्टर का प्रमुख सियासी औजार बनी हुई है, जिससे उसे असीमित पैसा और प्रचार तंत्र उपलब्ध हो जाता है। इसके अलावा संवैधानिक एवं वैधानिक संस्थाओं पर उसका पूरा नियंत्रण बन चुका है, जिसका लाभ भी उसे मिलता है। इस रूप में विपक्ष को चुनावी मुकाबले का समान धरातल नहीं मिलता। शुरू से ही यह धरातल भाजपा की तरफ झुका होता है।लेकिन यह आज का एक सच है और विपक्षी पार्टियां इसे स्वीकार करते हुए ही चुनाव मैदान में उतरती हैं। इस तथ्य से वे वाकिफ हैं कि अब भारत में चुनाव भले स्वतंत्र होते हों, लेकिन ये निष्पक्ष नहीं होते। मगर उन्हें इस बात से भी वाकिफ होना चाहिए भाजपा अगर आज सिस्टम को अपने अनुकूल ढाल सकी है, तो पहले उसने ऐसा करने सकने की अपनी स्थिति बनाई। असल सवाल यह है कि आखिर उसकी वो स्थिति कैसे बनी।

अगर अंग्रेजी के दो शब्दों से इस सूरत का चित्रण करना चाहें, तो इस रूप में ये सवाल इस तरह पूछा जाएगा कि भारतीय राजनीति में भाजपा वह निर्णायक मोड़ लाने में कैसे सफल हुई, जिससे वह चुनाव जीतने योग्य (यानी मतदाताओं और संस्थाओं का ठोस समर्थन) तैयार कर पाई? विपक्ष और गैर-भाजपा समूह अगर इस सवाल का सही उत्तर नहीं ढूंढ पाते हैं, तो निकट भविष्य में भाजपा को किसी चुनाव में हराना अगर असंभव नहीं, बेहद मुश्किल जरूर बना रहेगा।

चूंकि 2014 के बाद भारतीय राजनीति के संदर्भ बिंदु में आए संक्रमण का बिन्दु को समझने में विपक्ष नाकाम है, इसलिए उसके पास भाजपा की कोई काट आज मौजूद नहीं है। उस हाल में वह कुछ सियासी टोना-टोटकों से भाजपा को हरा देने की जुगत से ज्यादा आगे नहीं सोच पाता। जबकि उसने इस संक्रमण का बिन्दु और इसके परिणामस्वरूप बने भाजपा के क्रांतिक द्रव्यमान को समझने का प्रयास किया होता, तो देख पाता कि कॉरपोरेट और संस्थागत समर्थन भाजपा की ताकत का प्रमुख तत्व जरूर हैं, लेकिन सिर्फ इतने भर से भाजपा की चुनावी जीत तय नहीं होती। अगर इस बौद्धिक प्रयास में विपक्ष जुटता, तो वह देख पाता कि, भाजपा अपनी की हिंदुत्व की विचाराधारा को भारत में प्रमुख राजनीतिक विचार के रूप में स्थापित में सफल हो गई है। इस आधार पर वह अपने पक्ष में मतदाताओं की इतनी ठोस गोलबंदी कर चुकी है कि चुनावों में उसे परास्त करना बेहद कठिन हो गया है। इस गोलबंदी का एक कारण संभवतः यह भी है कि राष्ट्रवाद को हिंदुत्व के नजरिए से परिभाषित करने में भाजपा काफी हद तक सफल हो चुकी है। इससे बहुत बड़ी संख्या में लोगों के मन-मस्तिष्क में हिंदुत्व की पैठ बन गई है।? प्रत्यक्ष लाभ बांटने को उसने विकास नीति का पर्याय बना दिया है। चूंकि उसके हाथ में सत्ता है, इसलिए इस कथित रेवड़ी संस्कृति में उससे होड़ कर पाना विपक्ष के लिए चुनौती भरा हो गया है।?ये सब इसलिए हुआ है, क्योंकि इन तमाम बिंदुओं पर भाजपा चुनौती विहीन अवस्था में है। मतलब यह कि उसे इन बिदुंओं पर चुनौती देने वाली कोई ताकत मौजूद नहीं है। ऐसी कोई ताकत नहीं है, जो ऐसा करने का प्रयास करती दिखे।प्रत्यक्ष लाभ बांटने का वादा में विपक्षी दल भाजपा का मुकाबला करने की कोशिश जरूर करते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि इस बिंदु पर भी भाजपा ने उनके लिए ज्यादा गुंजाइश नहीं छोड़ी है। चूंकि इन मुद्दों पर भाजपा का मुकाबला करने में विपक्ष अक्सर अपने को अक्षम पाता है, तो फिर उसका एकमात्र सहारा वह कुछ टोने-टोटके ही बचते हैं। लेकिन ऐसे टोने-टोटकों के सफल होने की आरंभ से ही कोई गुंजाइश नहीं होती।

उदाहरण के तौर पर एक टोटके की चर्चा करते हैं। हाल में कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने जातीय जनगणना के वादे और अस्मिता की राजनीति को अपना सहारा बनाया है। इसके पीछे सोच संभवतः यह है कि अगर जातीय विभाजन रेखा हिंदुओं के बीच राजनीतिक विमर्श का मुख्य बिंदु बन जाए, तो भाजपा की हिंदुत्व की सियासत को हराया जा सकता है। यह मुद्दा अपनाते वक्त कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों ने यह सोचने की जरूरत नहीं समझी कि आखिर जातीय न्याय की राजनीति उनका ट्रंप कार्ड कैसे हो सकती है, क्योंकि इससे खुद उनके अपने रिकॉर्ड पर कई सवाल उठ खड़े होते हैं।

मसलन, अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी यह कहते हैं कि सेक्रेटरी स्तर पर आज ओबीसी के सिर्फ तीन अधिकारी हैं, तो यह प्रश्न उनसे भी तो पूछा जाएगा कि इसके लिए कांग्रेस की कितनी जिम्मेदारी बनती है? या बिहार की जातीय जनगणना से जिन जातियों की कमजोर स्थिति सामने आई है, क्या वे यह नहीं पूछेंगी कि बिहार में 33 वर्ष से किसका राज है? उसके बाद का प्रश्न यह है कि जो पिछड़ापन सामने आया है, उसे दूर करने का क्या कार्यक्रम संबंधित दलों के पास है? क्या इसके लिए इन दलों के पास कोई विशिष्ट विकास नीति है?

बहरहाल, मसला सिर्फ इतना नहीं है। दरअसल, भाजपा अगर आज देश के एक बड़े हिस्से में अपराजेय मालूम पड़ती है, तो उसका एक प्रमुख कारण सोशल इंजीनियरिंग की उसकी नीति भी है। जातीय प्रतिनिधित्व की आकांक्षाओं को उसने अपनी हिंदुत्ववादी राजनीति के बड़े तंबू अंदर समेट लिया है। इस तरह वह 1990 के दशक में उभरी मंडलवादी राजनीति की काट तैयार कर ली है। आज हकीकत यह है कि उत्तर भारत में ओबीसी मतदाताओं का एक बहुत बड़ा हिस्सा भाजपा का मतदाता है। दलित और आदिवासी समुदायों में भी उसकी पैठ अब काफी मजबूत हो चुकी है।इस हकीकत के बीच समय के चक्र को पीछे लौटा कर सियासी चमत्कार कर दिखाने की सोच असल में समझ के दिवालियेपन का संकेत देती है। राजनीति में आगे का एजेंडा पेश करने के बजाय अतीत में कभी कारगर रही रणनीति की तरफ लौटना एक तरह का सियासी खोखलापन भी है। तीन हिंदीभाषी राज्यों में फिलहाल कांग्रेस को इस खोखलेपन की महंगी कीमत चुकानी पड़ी है। इस बीच इस बेअसर मुद्दे को अपना सेंट्रल थीम बना कर कांग्रेस ने सबकी पार्टी होने के अपने यूएसपी को भी संदिग्ध बना दिया है।तो सार यह है कि अगर विपक्ष ऐसे ही टोने-टोटकों और जोड़-तोड़ के समीकरणों के भरोसे बैठा रहा, तो कहा जा सकता है कि 2024 और उसके आगे भी आम चुनावों में उसका कोई भविष्य नहीं है। अगर वह अपना भविष्य बनाना चाहता है, तो उसे राजनीति की नई परिकल्पना करनी होगी- राजनीति क्या है इसकी एक नई समझ बनानी होगी। नई राजनीति नए तौर-तरीकों से ही की जा सकती है। इसलिए ऐसे तौर-तरीके ढूंढने होंगे। लेकिन ऐसा इलीट कल्चर (अभिजात्य संस्कृति) में जीते हुए करना असंभव है। यह एक श्रमसाध्य राजनीति है, जिसके लिए कम से कम आज का विपक्ष तो तैयार नहीं दिखता।

# लाख टके का सवाल लड़ना कैसे है

//हरिशंकर व्यास//

**उत्तर भारत के तीन राज्यों के चुनाव नतीजे विपक्ष के लिए चेतावनी की घंटी है। चाहे बिहार में लालू प्रसाद और नीतीश कुमार हों या उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव हों। सब यह मान कर बैठे थे कि उनको भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति की काट मिल गई है। सब मान रहे थे कि जाति गणना, सामाजिक न्याय और आरक्षण बढ़ाने का मुद्दा इतना बड़ा है कि अब कुछ और सोचने की जरूरत नहीं है। मई में कर्नाटक के नतीजों की कांग्रेस ने भी इसी अंदाज में व्याख्या की। सिर्फ कांग्रेस नहीं तमिलनाडु में सरकार चला रही डीएमके को भी लगा कि जिस तरह 'अहिंदा' समीकरण और बजरंग दल का विरोध करके कर्नाटक में कांग्रेस भाजपा को हरा कर जीत गई उसी तरह तमिलनाडु में भी सनातन विरोध का झंडा बुलंद कर देंगे तो भाजपा को हरा देंगे। तीसरी बात विपक्षी पार्टियों को यह समझ में आ रही थी कि पुरानी पेंशन योजना की घोषणा कर देंगे और मुफ्त की वस्तुएं व सेवाएं बांट देंगे तो चुनाव जीत लेंगे। चौथी बात, विपक्षी नेता समझ रहे थे कि उनके खिलाफ सीबीआई और ईडी की कार्रवाई होने से लोगों में सहानुभूति बनेगी। लेकिन ये सारे अनुमान और सोच गलत साबित हुए हैं।**

जाति गिनती का एजेंडा नहीं चला है और न आरक्षण बढ़ाने की बात लोगों के दिमाग में बैठी। पुरानी पेंशन योजना की घोषणा से सरकारी कर्मचारियों के कुछ वोट जरूर कांग्रेस को मिले लेकिन आम जनता के बीच यह मुद्दा क्लिक नहीं हुआ। मुफ्त की चीजें बांटने की घोषणा भी काम नहीं आई क्योंकि भाजपा भी इसकी घोषणा कर रही है। तभी अब विपक्षी पार्टियों को इन नतीजों से झटका तो लगा है लेकिन साथ ही यह भी मैसेज है कि वे मिल कर लड़ने के बारे में सोच सकते हैं। नए एजेंडे पर विचार कर सकते हैं। अपने मुद्दे क्या होंगे, यह सोचना होगा और साथ ही यह भी सोचना होगा कि भाजपा क्या मुद्दा ला सकती है। जिस तरह से कश्मीर में कश्मीरी पंडितों और विस्थापितों के लिए सीट आरक्षित करने वाले विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाक अधिकृत कश्मीर का मुद्दा उठाया और कहा कि पीओके हमारा है। उससे विपक्ष को सावधान होना चाहिए। संभव है भाजपा राष्ट्रवाद का नया मुद्दा उठाए।

सो, कह सकते हैं कि तीन राज्यों के चुनाव नतीजों से विपक्ष को नींद से जगा दिया है। विपक्षी पार्टियों को अब समझ में आ गया होगा कि भाजपा से लड़ना बहुत आसान नहीं है। सीबीआई और ईडी के छापों की मार से बेहाल विपक्ष बेचारा बन कर सहानुभूति नहीं हासिल कर सकता है और न भाजपा के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुद्दा बनाना काम आया। उलटे भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार ने समूचे विपक्ष के बारे में यह धारणा बना दी है कि वह भ्रष्ट है। केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों की वजह से सहानुभूति बटोरने की कोशिश कहीं न कहीं पंक्चर हो जा रही है। जैसे अभी झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और उनके परिवार से जुड़ी कंपनियों पर आयकर का छापा पड़ा तो दो सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी पकड़ी गई। भले मामला कारोबारी हो लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने खुद ट्विट करके इस बारे में बताया कि कैसे विपक्ष की पार्टी के एक नेता लूट कर पैसा जमा किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता से लूटी गई पाई पाई वसूली जाएगी। असल में पांच राज्यों के चुनाव में उन तमाम मुद्दों की परीक्षा होनी थी, जिनके दम पर लोकसभा का चुनाव लड़ा जा सकता है। विपक्ष के नजरिए से देखें तो सारे मुद्दे बहुत कमजोर साबित हुए हैं। सिर्फ एक चीज है, जो विपक्ष के लिए अच्छी हुई है वह ये है कि इससे एकजुट होकर लड़ने की जरूरत प्रमाणित है। कम से कम राजस्थान में अगर पूरा विपक्ष एक होकर लड़ा होता तो कांग्रेस जीत जाती। भाजपा और कांग्रेस के वोट में सिर्फ दो फीसदी का अंतर था। भाजपा को दो फीसदी वोट ज्यादा मिले थे। कुल 44 सीटें ऐसी थीं, जहां अन्य या निर्दलीय उम्मीदवारों को मिला वोट जीत-हार के अंतर से ज्यादा था। एक आकलन के मुताबिक अगर इन सीटों पर विपक्ष या भाजपा विरोधी पार्टियां एक होकर लड़ी होतीं तो कम से कम 30 अतिरिक्त सीटें कांग्रेस जीत सकती थी। यानी उसे पिछली बार जितनी सीटें मिल सकती थीं। लेकिन कांग्रेस ने न हनुमान बेनिवाल की पार्टी से बात की, न सपा, बसपा और आप से बात की और न भारतीय आदिवासी पार्टी से बात की। अगर इन पार्टियों को कुछ सीटें देकर कांग्रेस ने तालमेल किया होता तो राजस्थान की तस्वीर अलग होती।

मध्य प्रदेश में तो कांग्रेस बहुत ज्यादा वोट के अंतर से हारी है लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस टक्कर दे सकती थी या जीत सकती थी। वहां भी बसपा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के उम्मीदवारों को ठीक ठाक वोट मिले हैं। सो, पांच राज्यों के चुनाव नतीजों में विपक्ष के सामने यह स्पष्ट हो गया है कि एकजुट होकर भाजपा के हर उम्मीदवार के खिलाफ एक उम्मीदवार उतारने की जो पुरानी योजना है, जिसके लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का गठन हुआ है उस पर अमल किए बिना काम नहीं चलेगा। कांग्रेस और विपक्ष की बाकी सभी पार्टियों के सामने भी यह जरुरत प्रमाणित हो गई है। सो, कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों के लिए दो सबक हैं। पहला तो यह है कि मुद्दों को धार देनी होगी। अगर लोकसभा चुनाव में उन्हीं मुद्दों पर लड़ना है, जिन पर पांच राज्यों में विपक्ष ने चुनाव लड़ा है तो वह पर्याप्त नहीं है। दूसरा सबक यह है कि एकजुट होकर हर सीट पर एक विपक्षी उम्मीदवार उतारना होगा।

## तस्वीरों की दुनिया



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा और पार्टी सांसदों ने नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आयकर छापे के दौरान 200 करोड़ रुपये की बेहिसाब धनराशि की बरामदगी को लेकर कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



भाजपा सांसदों ने नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आयकर छापे के दौरान 200 करोड़ रुपये की बेहिसाब धनराशि की बरामदगी को लेकर कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



नई दिल्ली में शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन परिसर में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा।



नई दिल्ली में शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन परिसर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ।



सुप्रीम कोर्ट द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखने के बाद नई दिल्ली में अदालत के बाहर कश्मीरी हिंदुओं की प्रतिक्रिया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।



श्रीनगर के लाल चौक पर यात्रियों के गुजरते समय बड़ी संख्या में कबूतर पक्षी उड़ते हुए दिखाई देते हुए।

# केरल के राज्यपाल ने सीएम विजयन पर लगाए गंभीर आरोप बोले- मुख्यमंत्री हमें शारीरिक चोट पहुंचाने की रच रहे साजिश



**केरल, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सोमवार को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर गंभीर आरोप लगाया है। खान ने कहा कि मुख्यमंत्री मुझे शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए यह साजिश रच रहे हैं।राज्यपाल ने यह आरोप ऐसे वक्त लगाया जब उनके वाहन को माकपा की छात्र शाखा स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआइ) के कार्यकर्ताओं ने टक्कर मार दी। घटना उस समय हुई जब वह दिल्ली जाने के लिए तिरुअनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जा रहे थे। घटना से नाराज राज्यपाल ने मीडिया से कहा कि मुख्यमंत्री मुझे शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए यह साजिश रच रहे हैं।

एसएफआई कार्यकर्ता सीएम के निर्देश पर मुझे शारीरिक रूप से चोट पहुंचाने के लिए आए थे। खान ने यह भी कहा कि राज्य में संवैधानिक मशीनरी ध्वस्त होती दिख रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के.सुधाकरन ने इसे राज्य के इतिहास का काला दिन बताया, जबकि भाजपा अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा वाहनों की गति कम कर दी, ताकि प्रदर्शनकारी आकर राज्यपाल के वाहन को टक्कर मार सकें। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है और हम ऐसी गुंडागर्दी पर चुप नहीं रहेंगे।

### अनुच्छेद 370 और 35ए हटने के बाद प्रदेश में आया बदलाव...

**राजौरी।** भाजपा के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व एमएलसी विबोध गुप्ता ने सोमवार को कहा कि जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लोगों को न्याय मिला है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू कश्मीर और लद्दाख में अनुच्छेद 370 व अनुच्छेद 35ए को निरस्त करने को संवैधानिक रूप से वैध ठहराया है। वह नगून क्षेत्र में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए को रद करने से जम्मू कश्मीर में बदलाव आया है, जिससे यहां के लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण और दूरगामी बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार का ध्यान क्षेत्र में शुरू की गई कई परियोजनाओं जैसे राजमार्गों, सुरंगों, रेलवे के विस्तार आदि के माध्यम से स्पष्ट हुआ है।

# दुष्कर्म के आरोप में उम्रकैद की सजा पाए आरोपित को हाई कोर्ट ने किया बरी, ऐसे पलट गया फैसला




**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोप में उम्रकैद की सजा पाए आरोपित को बरी कर दिया। आरोपित पर अपने मालिक की पत्नी को उसके कमरे में बेहोश करने के बाद कथित तौर पर दुष्कर्म कर महिला से पैसे ऐंठने का आरोप लगाया गया था। सहरसा की निचली अदालत ने उसे 50 हजार रुपये के जुर्माने के साथ 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। न्यायाधीश चक्रधारी शरण सिंह एवं न्यायाधीश नवनीत कुमार पांडेय की खंडपीठ ने सुकुमार जाना की आपराधिक अपील याचिका को स्वीकृति देते हुए जनवरी 2021 में ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित निर्णय और सजा के आदेश को रद कर दिया।

हाई कोर्ट ने इस मामले में सुकुमार की तत्काल रिहाई का भी निर्देश दिया, जो तीन वर्ष से अधिक समय से जेल में बंद है। खंडपीठ ने अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर खामियां पाईं, जो पूरी तरह से पीड़ित महिला के आरोपों पर आधारित थी।अपराध की घटना की पुष्टि करने वाला कोई चिकित्सकीय साक्ष्य नहीं था और जांच के दौरान पुलिस द्वारा सहरसा से तीन सौ किलोमीटर से अधिक दूर स्थित अपराध स्थल का न तो निरीक्षण किया गया और न ही इसकी पुष्टि की गई।इसके अलावा दुष्कर्म की कथित घटना के लगभग एक महीने बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पीड़ित महिला का मौखिक साक्ष्य विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं पाया गया, जो अपीलकर्ता को दुष्कर्म का दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त हो।

# 12 हजार ट्रेन कोचों में लगाये गये डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में दी जानकारी

**नईदिल्ली, 11 दिसम्बर [एजेंसी]।**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में कहा कि 12 हजार से अधिक नवनिर्मित कोचों में डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाये गये हैं, जिनमें आगामी स्टेशन, गंतव्य और ट्रेन के चलने की स्थिति सहित विभिन्न सूचनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।वैष्णव ने यह बात एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कही। उन्होंने कहा कि वंदे भारत, पुश पुल, तेजस, हमसफर आदि जैसी ट्रेनों के कोचों में डिजिटल डिस्प्ले लगाया गया है। उन्होंने कहा कि एसी इकनामी कोच और विस्टाडोम कोच में भी डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड रहेगा। वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेल चरणबद्ध ढंग से विभिन्न ट्रेन में इन्हें लगाने का प्रयास कर रहा है। घरेलू एयरलाइंस ने इस




साल विमान में खराबी के 406 मामले दर्ज किए हैं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने सोमवार को राज्य सभा में एक लिखित उत्तर में डेटा साझा किया। जनवरी से नवंबर 2023 तक इंडिगो ने विमान में खराबी के 233 मामले दर्ज किए,जबकि स्पाइसजेट ने 44 मामले दर्ज किए। एअर इंडिया ने विमान में खराबी के 52 मामले दर्ज किए, इसके बाद गो फर्स्ट 22, अकासा एयर 20, एयरएशिया (इंडिया) लिमिटेड 15, विस्तारा 13, फ्लाई बिग पांच और ब्लूडार्ट एविएशन ने दो मामले दर्ज किए।

2022 में इन एयरलाइंस ने विमानों में खराबी के 542 मामले दर्ज कराए थे। डीजीसीए अधिकारियों के खिलाफ 10 मामले लंबित नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार और कदाचार के 10 मामलों में जांच और पूछताछ चल रही हैं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी है। 2019 से पांच अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई थी। एक अधिकारी को सेवा से हटा दिया गया, और दूसरे के खिलाफ कार्यवाही जारी है। मंत्री ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद तीन अधिकारियों को आरोप से बरी कर दिया गया। 22 नवंबर को सरकार ने डीजीसीए के एक अधिकारी को निलंबित कर दिया है।

इस साल विमानों से पक्षी टकराने की 500 घटनाएं हुईंविभिन्न राज्यों में विमानों से पक्षियों के टकराने की लगभग 500 घटनाएं दर्ज की गई हैं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान दिल्ली हवाई अड्डे पर पक्षियों के टकराने की सबसे अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं।मंत्री द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-अक्टूबर 2023 के दौरान दिल्ली में पक्षियों के टकराने की 169 घटनाएं हुईं।

# अप्रैल में शुरू होगा हिसार एयरपोर्ट का एविएशन हब, डिप्टी सीएम चौटाला ने दिए अधिकारियों को अहम निर्देश



**हिसार, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हिसार का एयरपोर्ट अप्रैल में शुरू हो जाएगा। नई गाइडलाइन आने के बाद इसके काम में देरी हुई है। सोमवार को हिसार हवाई अड्डे के लिए काफी योजनाओं की नींव रखी है। इनका काम मार्च तक पूरा करना है। इसमें एटीसी से लेकर ईंधन कक्ष, नए टर्मिनल भवन का विस्तार, आइसोलेशन-बे, बरसाती जल निकासी के लिए मानसून ड्रेन, एप्रन एवं बेसिक स्ट्रिप के निर्माण होने है।वह सोमवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। दुष्यंत ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने वाले 75 प्रतिशत आरक्षण बिल पर स्टे के मामले में वह सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उनकी तरफ से जिन कामों की नींव रखी है उनको मार्च तक पूरा कर दिया जाएगा। हिसार हवाई अड्डे का विस्तार तेजी से हो रहा है। नई गाइडलाइन आने के बाद यह काम देरी से हो रहे हैं। अब इसकी रफ्तार तेज होगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में बने हुए टर्मिनल से पैसेंजर की संख्या बढ़ाई जा रही है। नया टर्मिनल भवन 200 पैसेंजर के लिए होगा।

काम को पूरा करने के लिए तीन माह का समय निर्धारित किया गया है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) का निर्माण भी दो माह में पूरा कियाजाएगा।बाकी कामों का समय निर्धारित कर दिया गया है। तलवंडी राणा सहित पांच गांव के लोगों को होगा फायदा उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत ने कहा कि हवाई अड्डे के बनने से पुराने तलवंडी मार्ग-धान्सू मार्ग को बंद किया गया था। क्षेत्र के लोगों को हिसार आने के लिए करीब सात से आठ किलोमीटर घूम कर आना पड़ रहा था। नया रास्ता ढाई से तीन माह में बना दिया जाएगा। वन विभाग से उनको मंजूरी मिल गई है।

# कोर्ट में पेश किए गए खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखने वाले, आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा




**भरवाई, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

दीवार पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखने के मामले में तीनों आरोपितों को सोमवार को कोर्ट में फिर पेश किया गया, जहां से इन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 28 नवंबर की रात को दुकान के शटर और दीवार पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखने पर 29 नवंबर को चिंतपूर्णी और देहरा पुलिस की तरफ से एफआइआर दर्ज की गई थी।पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से तीनों आरोपितों फूल चंद, अरजिंदर सिंह व हैरी को जालंधर के गोराया से गिरफ्तार किया था। उधर, डीएसपी अंब डॉ.वसुधा सूद ने बताया कि आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# दिल्ली में छात्रों के लिए शुरू हुई नई पहल,एबीवीपी जनवरी से चलाएगी परिसर चलो अभियान

**नईदिल्ली, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कोविड महामारी के बाद से छात्रों में शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों में आने को लेकर रुझान कम हुआ है। इसको देखते हुए अखिल भातरीय विद्यार्थी परिषद परिसर चलो अभियान जनवरी से संचालित करेगी। इस बार 10 दिसंबर को समाप्त हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में भी प्रस्ताव पारित किया गया था। एबीवीपी के के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल एक प्रेस वार्ता में कहा, अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर परिषद ने देशभर के विद्यार्थियों से दीपोत्सव मनाने का आह्वान किया है। यह अवसर देश के विद्यार्थियों को श्रीराम के आदर्शों




को आत्मसात करने का संदेश देने वाला है। विद्यार्थी परिषद ने श्रीराम मंदिर निर्माण पर अपनी राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया है। शुक्ल ने कहा, युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को शीघ्रता से प्रयास करने की जरूरत है। विद्यार्थी परिषद देश के युवाओं के हित में केंद्र व राज्यों में विभिन्न पदों की रिक्तियां जल्द भरने का आह्वान किया है।

ये रिक्तियां मिशन मोड पर भरी जानी चाहिए। बीते महीनों में ओडिशा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में रोजगार तथा शिक्षा के मुद्दों पर विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में बड़े आंदोलन हुए हैं।आगामी वर्ष में विद्यार्थी परिषद इन मुद्दों पर और तेज प्रयास करेगी। इस मौके पर राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल, राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशुतोष सिंह, दिल्ली प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री व दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष तुषार डेढ़ा उपस्थित रहे।

# नवीन पटनायक ने राज्य को दी बड़ी सौगात, भुवनेश्वर कलिंग स्टेडियम में खुला देश का सबसे बड़ा खेल विज्ञान केन्द्र



**भुवनेश्वर, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में भारत के सबसे बड़े अत्याधुनिक खेल विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। इसी के साथ ओडिशा ने खेल की दुनिया में आज एक और नया इतिहास लिखा है।यह केंद्र भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा के साथ साझेदारी में स्थापित किया गया है। इस खेल विज्ञान केन्द्र में दोनों दिव्यांग एवं सक्षम खिलाड़ियों के उच्चकोटि की व्यवस्था की गई है। खासकर खिलाड़ियों को फिट रखने के लिए यह केन्द्र वरदान साबित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि इस खेल विज्ञान केंद्र की स्थापना खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। शीर्ष उपकरणों और विशेषज्ञता को एकीकृत करके, यह केंद्र हमारे एथलीटों के विकास के लिए प्रेरणादायक होगा, जिससे वे अपनी पूरी क्षमता प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने एथलेटिक प्रदर्शन में क्रांति ला दी है, जिससे स्मार्ट प्रशिक्षण विधियों को सक्षम किया गया है। यह अत्याधुनिक सुविधा, देश में सबसे बड़ी, खेल उत्कृष्टता को पोषित करने के लिए ओडिशा की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस, केंद्र में सर्वोत्तम वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को शामिल किया गया है। जानकारी के मुताबिक एक ही छत के नीचे खिलाड़ियों के लिए सभी सुविधाएं इस केन्द्र में उपलब्ध की गई हैं।

आवास से लेकर प्रशिक्षण तक, खेल विज्ञान केंद्र में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह न केवल ओडिशा के लिए बल्कि देश भर के खिलाड़ियों के लिए एक वरदान होगा। इसमें माइंड लैब, रिहैबिलिटेशन लैब, रिकवरी लैब, गेट लैब, फंक्शनल लैब, पोस्टुरल लैब, बायोमैकेनिक्स लैब, पैरा-एथलीट परफॉर्मेंस लैब की सुविधा उपलब्ध की गई है। है। राज्य सरकार ने इस केन्द्र में विश्व स्तरीय उपकरण भी उपलब्ध कराए हैं। यह खेल विज्ञान केंद्र उच्च प्रदर्शन के लिए जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को तैयार करने, घायल खिलाड़ियों को फिट रखने, खिलाड़ियों के शारीरिक और मानसिक कौशल का परीक्षण करने के पहलुओं पर काम करेगा। इसके लिए उच्च प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। फिजियोथेरेपिस्ट, बायोमैकेनिस्ट, स्ट्रेंथ एंड सेटिंग स्पेशलिस्ट, स्पोर्ट्स साइंटिस्ट, स्पोर्ट्स मेडिसिन डॉक्टर और स्पोर्ट्स मसाज थेरेपिस्ट नियुक्त किए गए हैं। खेल विज्ञान केंद्र खिलाड़ियों के भविष्य को आकार देने और प्रेरित करने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र होगा।

# मध्य प्रदेश के सीएम के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख आई सामने, मोहन यादव ने खुद बताया समय



**भोपाल, 12 दिसम्बर ।**

मध्य प्रदेश में नए मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम का एलान हो गया है। मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस बीच शपथ ग्रहण समारोह के बारे में भी जानकारी दी है। मोहन ने कहा कि शपथ ग्रहण 13 दिसंबर को होगा। सीएम का नाम फाइनल होने के बाद अब एमपी सरकार की नई कैबिनेट को लेकर सरगर्मी तेज है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व केंद्रीय मंत्री व विधायक प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व सांसद और विधायक राकेश सिंह, वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव की भूमिका अब तय की जाएंगी। मंत्रिमंडल के गठन को लेकर अटकलों का दौर जारी है। इसमें तुलसीराम सिलावट, भूपेंद्र सिंह, गोविंद सिंह राजपूत, विजय शाह, रमेश मेंदोला, प्रद्युम्न सिंह तोमर, अर्चना चिटनीस, संजय पाठक, मीना सिंह, निर्मला भूरिया, बृजेंद्र प्रताप सिंह, रामेश्वर शर्मा या कृष्णा गौर, राव उदय प्रताप सिंह, रीति पाठक आदि के नाम शामिल हैं।

## जख्मी भाजपा नगर अध्यक्ष से मिले राजस्व मंत्री

**दलसिंहसराय।** एक शादी समारोह में गोली लगने से जख्मी होने के बाद पटना के एक निजी अस्पताल में इलाजरत भाजपा नगर अध्यक्ष मनीष वर्णवाल से राजस्व एवं भूमि सुधार तथा गन्ना उद्योग मंत्री आलोक मेहता मिले। उन्होंने हरसंभव मदद का भरोसा दिया।मनीष की पत्नी और स्वजन को सुरक्षा मुहैया करवाने के लिए पुलिस अधीक्षक से बात भी की। वहीं, नामजद आरोपित को जल्द जल्द से गिरफ्तार कर माहौल को सौहार्दपूर्ण बनाकर रखने की बात कही। मौके पर अस्पताल के निदेशक और मौजूद चिकित्सक को स्वजन से मुलाकात करवाकर पैसों के अभाव में इलाज में कोई कमी नहीं आने देने की बात कही।कहा कि अगर पैसों की थोड़ी भी दिक्कत हो तो उनसे संपर्क कर लेंगे। मौके पर राजद प्रदेश सचिव नंद किशोर महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील केजरीवाल, प्रखंड अध्यक्ष मो.जाबिर हुसैन, मीडिया प्रभारी राज दीपक, अशोक बर्णवाल, उत्सव जायसवाल मौजूद थे।

# सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस कौल ने घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन का किया जिक्र, बोले- घावों को भरने की जरूरत



**जम्मू-कश्मीर , 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 पर दिए अपने फैसले में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने कश्मीरी पंडितों के पलायन का जिक्र करते हुए 1980 से राज्य में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर एक सत्य और सुलह आयोग बनाने का सुझाव देते हुए कहा कि सच से ही सुलह का रास्ता निकलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह आयोग कोर्ट आफ कमीशन के रूप में काम नहीं करेगा।श्रीनगर के मूल निवासी जस्टिस कौल स्वयं भी कश्मीरी ब्राह्मण हैं। इसी महीने 25 तारीख को वह सेवानिवृत्त होने वाले हैं। अनुच्छेद 370 पर लिखे गए अपने अलग फैसले में जस्टिस कौल ने जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर अत्यंत भावुक टिप्पणी की है, जिसमें उनका दर्द साफ झलकता है। उन्होंने लिखा है कि आतंक के चलते राज्य के पुरुषों-महिलाओं एवं बच्चों ने बहुत कुछ झेला है। इसे भुलाकर आगे बढ़ने के लिए जख्मों को ठीक करने की जरूरत है।राज्य एवं राज्य के बाहरी तत्वों द्वारा यहां के लोगों के विरुद्ध किए गए मानवाधिकार हनन की सामूहिक समझ विकसित करना ही मरहम लगाने की दिशा में पहला और निष्पक्ष प्रयास होगा। आयोग के गठन में शीघ्रता करने पर जोर देते हुए न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि स्मृतियों के धुंधली होने से पहले ही आयोग का गठन एक समय सीमा के अंदर कर लेना चाहिए, क्योंकि युवाओं की एक पूरी पीढ़ी पहले से ही अविश्वास की भावना के साथ बड़ी हुई है।आयोग के सहारे काफी हद तक उनकी क्षतिपूर्ति की जा सकती है। उन्होंने सरकार को आयोग की स्थापना का सबसे अच्छा तरीका तैयार करने का सुझाव दिया और कहा कि सामाजिक संदर्भों के साथ-साथ हमें राज्य की ऐतिहासिक पहचान को भी ध्यान में रखना जरूरी होगा।जस्टिस कौल ने दक्षिण अफ्रीका में मानवाधिकारों के उल्लंघन की जांच के लिए गठित एक ऐसे ही आयोग का जिक्र करते हुए कहा कि कश्मीर घाटी के विभिन्न वर्गों ने भी पहले ऐसे ही आयोग बनाने की मांग की थी।

अपनी भावुक टिप्पणी में जस्टिस कौल ने देश बंटवारे के तुरंत बाद घाटी में विदेशी आक्रमण का जिक्र करते हुए कहा कि तब जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया गया।1980-90 के दौरान आतंक के चलते राज्य की आबादी का बड़ा हिस्सा पलायन करने पर मजबूर हो गया। फिर भी समस्या का समुचित निवारण नहीं किया गया, जिसके चलते हालात इतने बिगड़ गए कि सेना बुलानी पड़ गई। जस्टिस कौल ने कहा कि सेनाएं देश के दुश्मनों से लड़ने के लिए होती हैं।देश के भीतर कानून-व्यवस्था बनाने के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने जो झेला है, उससे मैं दुखी हूं। जस्टिस कौल ने आगाह किया कि सत्य और सुलह आयोग के गठन के बाद उसे आपराधिक अदालत (कोर्ट आफ कमीशन) में बदलने से बचना चाहिए। आयोग को मानवीय भावना के साथ दोनों पक्षों की बात सुननी चाहिए। सभी पक्षों का अलग-अलग दृष्टिकोण और इनपुट शामिल होना चाहिए।

# सुपरटेक इको विलेज 1 पर लगा 1.23 करोड़ का जुर्माना



**ग्रेटर नोएडा, 11 दिसम्बर ।**

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ग्रेटर नोएडा क्षेत्रीय कार्यालय ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर एक स्थित सुपरटेक इको विलेज-एक पर 1.23 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। बिल्डर द्वारा एसटीपी का पानी बिना शोधित नाले में डाले जाने पर कार्रवाई की गई है। शिकायतकर्ता व सोसायटी निवासी मनीष कुमार ने बताया कि प्रदूषण विभाग ने लखनऊ स्थित मुख्यालय को जुर्माना लगाने की संस्तुति भेजी है। सोसायटी में करीब पांच हजार फ्लैट हैं।इनमें से करीब साढ़े चार हजार फ्लैट में लोग रहते हैं। मानकों के तहत बिल्डर द्वारा दो एसटीपी लगाने थे, पर एक ही लगाया गया। इसी वर्ष एक नवंबर को शिकायतकर्ता, प्रदूषण विभाग और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल-सीवर विभाग की टीम ने सोसायटी का निरीक्षण किया था। इस दौरान एसटीपी का पानी नाले में डालते हुए पाया गया, जिस पर ये कार्रवाई की गई। बता दें कि पूर्व में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भी बिल्डर पर एक करोड़ का जुर्माना लगा चुका है।

## कान में ईयर फोन... रेलवे ट्रैक पर सेल्फी की सनक... चिल्लाते रहे लोग ट्रेन से कटकर दो हिस्सों में बंटा युवक

**उजियारपुर (समस्तीपुर)।** बिहार में समस्तीपुर-बरौनी रेलखंड के उजियारपुर स्टेशन पर सोमवार की सुबह करीब सवा दस बजे ईयर फोन लगाकर सेल्फी लेने के चक्कर में वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस से कटकर एक युवक की मौत हो गई।जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के ससनी कोइल लोधी विहार के सूरज रजौरी के पुत्र हिमांशु रजौरी (25) के रूप में हुई। आरपीएफ आरक्षी रंजय कुमार ने बताया कि मृतक के स्वजन को घटना की सूचना दे दी गई है। वह कहां जा रहा था, इस संबंध में स्वजन भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक पहले से प्लेटफॉर्म पर खड़ी एक पैसेंजर ट्रेन से उतरकर दूसरे ट्रैक पर सेल्फी ले रहा था।

# शादी के बाद सामने आई मुक्ति और कुणाल के रिसेप्शन की तस्वीरे, एआर रहमान भी आए नजर

**नईदिल्ली, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जानी-मानी डांसर और एक्ट्रेस मुक्ति मोहन ने अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड और टीवी एक्टर कुणाल ठाकुर से 9 दिसंबर को सात फेरे लिए। 10 दिसंबर को इस कपल ने सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर की फैंस के साथ गुड न्यूज शेयर की। वहीं अब सोमवार को सिंगर नीति मोहन ने बहन की रिसेप्शन पार्टी की तस्वीरे शेयर की है।शादी के बाद मुक्ति मोहन और एक्टर कुणाल ठाकुर ने रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया, जिसकी एक झलक बड़ी बहन ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा की है। शेयर की कई तस्वीरों के साथ-साथ प्यार भरा कैप्शन भी लिखा, जब भगवान परिवार को आशीर्वाद देने स्वयं आते हैं।तस्वीरें शेयर करते हुए सिंगर ने बताया कि पार्टी में एआर रहमान भी शामिल हुए थे। एक तस्वीर में एआर रहमान को नवविवाहित जोड़े मुक्ति और कुणाल को बधाई देते देखा जा सकता है। इस मौके पर सिंगर ब्लैक कलर के सूट में नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर



में नीति एआर रहमान के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता है।अपनी रिसेप्शन पार्टी में मुक्ति ने रेड कलर की खूबसूरत साड़ी में नजर आई। उनकी साड़ी में हर तरफ बारीक सुनहरी जरी का काम नजर आ रहा है । उन्होंने अपनी साड़ी को मैचिंग ब्लाउज के साथ स्टाइल किया है। इस लुक पूरा करने के लिए उन्होंने कानों में ईयररिंग्स, माथे पर मांग टीका, हाथों में चूड़ियां, गले में मंगलसूत्र और सगाई की अंगूठी भी पहनी।

तो वहीं, उनके पति कुणाल काले रंग की शेरवानी में बेहद खूबसूरत लग रहे थे।मुक्ति की बहन शक्ति मोहन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस शादी की कुछ नई तस्वीरें शेयर की थी और साथ ही अपनी बहन के लिए एक इमोशनल नोट भी लिखा था, मेरे छोटे गोलू की शादी हो गई है। ऐसा लगता है जैसे मेरे दिल का एक टुकड़ा तुम्हारे साथ चला गया।मैं आपके और कुणाल ठाकुर के लिए बहुत खुश हूं। आदर्श साथी ढूंढने के लिए बधाई। आपका जीवन खुशियों और आनंद से समृद्ध हो। मैं तुम्हें बहुत याद करूंगी मुक्ति मोहन। हर चीज में मेरी साथी।

# लंबे और खूबसूरत बालों के लिए करवा रही हैं हेयर स्ट्रेटनिंग तो इन बातों का रखें ध्यान



आजकल बाल स्ट्रेटनिंग का ट्रेंड काफी बढ़ गया है. लोग अपने बालों को सीधा और चमकदार बनाने के लिए बाल स्ट्रेट करवाते हैं. इससे बाल खूबसूरत और लंबे दिखने लगते हैं. लंबे और सुंदर बाल हर किसी को पसंद आता है ऐसे में लोग अपने बेजान और घुंघराले बालों को सीधे करवाकर अपनी पर्सनेलिटी में बदलाव लाना चाहते हैं ताकि वह देखने में सुंदर और आकर्षक लगें. लेकिन कई बार हम बाल स्ट्रेटनिंग के दौरान कुछ गलतियां कर देते हैं जिससे बाल और ज्यादा खराब हो जाता है. इसलिए स्ट्रेटनिंग से पहले कुछ बातों का ख्याल रखना बहुतजरूरी होता है. आइए जानते हैं यहां..

हेयर स्ट्रेटनिंग क्या होता है

हेयर स्ट्रेटनिंग दो तरह के होते हैं एक परमानेंट और दूसरा टेंपरेरी हेयर स्ट्रेटनिंग. परमानेंट स्ट्रेटनिंग एक केमिकल ट्रीटमेंट है, जिसकी मदद से आपके बाल हमेशा के लिए सीधे हो जाते है. अगर कुछ समय के लिए बालों का लुक बदलना चाहती हैं, तो टेंपरेरी हेयर स्ट्रेटनिंग लोग करवाना चाहते हैं.

शैंपू करने से बचें

बालों को स्ट्रेटनिंग करवाने में बालों पर केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है जो बालों के नैचुरल तेल को नष्ट कर देता है. ऐसे में बाल स्ट्रेटनिंग करवाने के बाद कम से कम एक हफ्ते तक बालों को शैंपू से बचाना चाहिए.शैंपू में मौजूद केमिकल्स और साबुन बालों की सतह को और अधिक सूखा व नाजुक बना सकते हैं. इससे बाल टूटने और झड़ने लगेंगे. इसलिए स्ट्रेटनिंग के बाद कम से कम एक सप्ताह तक बिना शैंपू के ही बाल धोएं. इसके लिए अलग शैंपू आता है. आप हमेशा उसी शैंपू का इस्तेमाल करें.

कंघी कम करें

बाल स्ट्रेटनिंग की प्रक्रिया में बालों की जड़ों केमिकल का भरपूर इस्तेमाल होता है इससे बाल मुलायम तो हो जाते हैं लेकिन वह कमजोर हो जाती हैं.ज्यादा कंघी करने से बालों पर खिंचाव होता है जिससे पतले और कमजोर बाल टूटने लगते है. इसलिए सावधानी बरतें और हल्के हाथों से ही कंघी का प्रयोग करें.

कंडीशनर का इस्तेमाल करें

बाल स्ट्रेटनिंग की प्रक्रिया के बाद बालों पर केमिकल और हीट की वजह से काफी असर पड़ता है. जिससे बाल नाजुक हो जाते हैं।.ऐसे में बालों की देखभाल के लिए कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें. कंडीशनर में मॉइस्चराइजिंग होता है जो बालों की नमी को बनाए रखते हैं. यह बालों को हाइड्रेट और स्मूथ बनाए रखता है. साथ ही बालों को उनके प्राकृतिक तेल और पोषण देता रहता है. इससे बालों को स्ट्रेटनिंग के साइड इफैक्ट्स से बचाने में मदद मिलती है.

## खो गए हम कहां का ट्रेलर रिलीज

द आर्चीज के बाद निर्देशक जोया अख्तर अपनी अगली फिल्म खो गए हम कहां की रिलीज के लिए तैयार हैं। हालांकि, वह इससे बतौर निर्माता और लेखक जुड़ी हैं।फिल्म में अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव नजर आएंगे। पहली बार यह तिकड़ी साथ काम कर रही है। हालांकि, अन्नया और सिद्धांत इससे पहले फिल्म गहराइयां में साथ दिख चुके हैं।अब वे फिल्म खो गए हम कहां के लिए साथ आए हैं, जिसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। अनन्या, सिद्धांत और आदर्श दोस्त हैं और पूरी फिल्म इन्हीं 3 दोस्तों की दोस्ती के इर्द-गिर्द बुनी गई है।ट्रेलर में सिद्धांत दूसरों की जिंदगी में तांक-झांक न करने का सुझाव देते दिख रहे हैं, वहीं इसमें कल्कि कोचलीन के साथ उनका रोमांस भी देखने को मिल रहा है।दोस्तों की मस्ती से लेकर ब्रेकअप तक इसमें काफी कुछ है, जिससे आप खुद को जोड़ पाएंगे। ट्रेलर देख तो लगता है कि फिल्म युवाओं को पसंद आने वाली है। खो गए हम कहां अर्जुन वरैन सिंह के निर्देशन में बन रही है। जोया ने अपनी जोड़ीदार रीमा कागती के साथ मिलकर यह फिल्म लिखी है। फिल्म 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।कुछ ही दिन पहले इससे कलाकारों की झलक सामने आई थी। फिल्म का पहला गाना होने दो जो होता है भी रिलीज हो चुका है, जिसके बोल जोया के पिता जावेद अख्तर ने लिखे हैं।फरहान अख्तर और रितेश सिद्धवानी इस फिल्म के सह-निर्माता हैं।

# किचन की होने वाली चिक-चिक से हैं परेशान? अपनाएं ये टिप्स एंड ट्रिक्स



किचन में काम करने के दौरान हमें कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. लेकिन आज हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे, जिसे अपनाकर आप चिक-चिक से छूटकारा पा सकते हैं.आइए जानते हैं कैसें?

जला हुआ खाना-कई बार ऐसा होता है कि हम खाने बना रहे हैं और वो नीचे से जल जाता है. तो अगर खाना बनाते समय बर्तन जलने लगे तो खाना दूसरे बर्तन में डाल देना चाहिए. ऐसा करने से जलने की बदबू खाने में नहीं आएंगी और बर्तन भी नहीं जलेगा.

नमक ज्यादा हुआ तो करें ये काम

कभी-कभी आप से भी सब्जी और किसी और चींज में नमक ज्यादा हो जाता होगा. अगर अब किसी चींज में नमक ज्यादा हो जाएं तो उसमें दही, नारियल पेस्ट या फिर ब्रेड डालकर पानी मिला दें. अगर आप दही नहीं खाते हैं तो आप इसमें नींबू का रस या घी भी मिला सकते हैं ऐसा करने से सब्जी का नमक कम हो जाएगा और स्वाद भी और अच्छा हो जाएगा.

मिर्च ज्यादा हो जाएं तो क्या करें

नमक के साथ-साथ कई बार खाने में मिर्च में ज्यादा हो जाती है. अगर अब कभी मिर्ची ज्यादा हो जाएं तो उसमें क्रीम या मावा का पेस्ट मिला दें ऐसा करने से सब्जी से मिर्ची कम हो जाती है. ऐसा करने में आपको समय भी कम लगेगा.

मिर्च खराब होने से बचाएं

कभी कभी आपने देखा होगा कि मिर्च जल्दी खराब हो जाती है. अगर आपको भी मिर्च को सूखने से बचाना है तो आप उसका डंठल को हटाकर सूखी जगह पर रख दो.

चुकंदर छीलने की ट्रिक्स

किचन में चुकंदर छीलना भी एक बड़ा काम है. इसके लिए सबसे पहले चुकंदर को धोकर साफ कर लें. फिर छोटे चम्मच की मदद से चुकंदर को खुरचें. आप देखेंगे कि चुकंदर बिल्कुल साफ हो जाएगा.



## मेरे लिए दोस्ती सबसे महत्वपूर्ण है:आंचल साहू

शो परिणीति में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री आंचल साहू ने कहा कि परिणीति के किरदार में कदम रखना, एक ऐसा किरदार जो नीति के साथ अपनी दोस्ती को गहराई से महत्व देता है, उसे अपनी मान्यताओं की प्रतिकृति जैसा लगता है।

परिणीति अपनी सम्मोहक कहानी के लिए दर्शकों से प्रशंसा बटोर रही है, जो परिणीत (अंचल), संजू (अंकुर वर्मा), और नीति (तन्वी डोगरा) जैसे पात्रों के साथ एक जटिल प्रेम त्रिकोण बुनती है। शो में संजू नीति से तलाक के बाद परिणीत के सामने शादी का प्रस्ताव रखते हैं लेकिन परिणीत उनके प्रस्ताव को खारिज कर देती हैं और उनसे सवाल करती हैं कि वह अपनी सबसे अच्छी दोस्त नीति को कैसे छोड़ सकते हैं क्योंकि पहले उन्होंने अपने सारे रिश्ते दांव पर लगा दिए थे। उसने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया क्योंकि इससे नीति का दिल टूट जाएगा। परिणीत के किरदार की तरह, जो शो में प्यार से ज्यादा दोस्ती को महत्व देती है, आंचल अपने वास्तविक जीवन में भी दोस्ती के महत्व को दर्शाती है। दोस्ती और उसके महत्व के बारे में बात करते हुए, आंचल ने कहा: दोस्ती, मेरे लिए, मेरे जीवन की आधारशिला रही है। परिणीत के किरदार में कदम रखना, एक ऐसा किरदार जो नीति के साथ अपनी दोस्ती को गहराई से महत्व देता है, मेरे अपने विश्वासों की प्रतिकृति जैसा लगता है। मैं अपने वास्तविक जीवन में बहुत अच्छे दोस्त पाकर बहुत भाग्यशाली हूं, जिनके साथ मैं खुद रह सकता हूं और अपनी खुशियां और दुख साझा कर सकता हूं। जब भी परिणीति के सेट पर छुट्टी होती है, मैं अपने दोस्तों के साथ कुछ हंसी-मजाक भरे पल बिताना सुनिश्चित करती हूं। मैं हमेशा उनसे मिलने के लिए उत्सुक रहती हूं। वे ही हैं जो हमेशा हर संभव तरीके से मेरा समर्थन करते हैं और मुझे प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए दोस्ती सबसे महत्वपूर्ण है।

## मलाइका अरोड़ा ने बॉसी स्टाइल से फिर लूटी वाहवाही



50 साल की उम्र में भी मलाइका अरोड़ा की हॉटनेस के आगे अच्छी-अच्छी बॉलीवुड एक्ट्रेस फेल हो जाती हैं. अक्सर मलाइका अपने इंस्टा अकाउंट पर बोल्ड तस्वीरों से फैंस के पसीने छुड़ा देती हैं. हाल ही में उन्होंने कुछ ऐसी ही तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह बेहद बोल्ड और खूबसूरत नजर आ रही हैं. बॉलीवुड की सबसे बोल्ड और सेंसेशनल एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. एक्ट्रेस हर रोज अपने इंस्टा अकाउंट पर कुछ न कुछ वीडियो या फोटोज शेयर करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने ऐसी ही कुछ क्लासिक बॉसी स्टाइल में तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें वह बेहद खूबसूरत और गॉर्जियस नजर आ रही हैं. अदाकारा मलाइका अरोड़ा ने अपने बॉसी स्टाइल और बोल्ड लुक से फैंस के बीच खलबली मचा दी है. अदाकारा की ये तस्वीरें खूब चर्चा में हैं. सफ़ेद कलर के कोट में एक्ट्रेस बेहद स्टाइलिश नजर आ रही हैं. कभी मलाइका ने अपनी अपनी मुस्कान से तो कभी सिजलिंग पोज से अदाओं के तीर चलाए. मलाइका की यह बॉसी लुक वाली तस्वीरें जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली हैं. मलाइका अरोड़ा इंस्टा पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी यहां तगड़ी फैन फॉलोइंग है. इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस को करीब 19 मिलियन लोग फॉलो करते हैं.

# मस्त में रहने का से नीना गुप्ता की शरारतों ने जीता दिल, लेकिन बिखरी रही कहानी

नीना गुप्ता और जैकी श्रॉफ अपनी फिल्म मस्त में रहने का के लिए चर्चा में हैं। यह फिल्म 8 दिसंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है।विजय मौर्य द्वारा निर्देशित यह फिल्म अपने अनोखे नाम की वजह से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही थी। फिल्म को विजय ने पायल अरोड़ा के साथ लिखा है।फिल्म के नाम से ही इसका संदेश समझ में आता है। आपको बताते हैं कि यह संदेश देने में फिल्म कितनी सफल हुई। फिल्म में 2 कहानियां समानांतर चलती हैं, जिनमें कई जिंदगियां शामिल है। हर किसी की अपनी दुनिया और अपने संघर्ष हैं।बुजुर्ग कामत (जैकी) अपने घर में अकेले रहते हैं। अकेले होने के कारण उन्होंने 12 साल से किसी से बात नहीं की है। उनकी बेरंग जिंदगी में मिसेज हांडा (नीना) दोस्ती का रंग लेकर आती हैं। हांडा कनाडा में अपने बच्चों के साथ रहती हैं और हाल ही में भारत वापस आई हैं। दूसरी ओर नन्हे (अभिषेक चौहान) और रानी (मोनिका पंवर) की कहानी है। नन्हे अपने गांव से भागकर मुंबई आया है, लेकिन मायानगरी के कभी न खत्म होने वाले चक्रव्यूह में फंस जाता है। मजबूरी में वह अकेले रहने वाले बुजुर्गों के घर में चोरी करने लगता है।नन्हे को सिग्नल पर भीख मांगने वाली रानी से प्यार हो जाता है। उसे करीब से



जानने पर रानी की जिंदगी के अन्य पहलू सामने आते हैं।

फिल्म में नीना के मसखरे अंदाज ने दिल जीत लिया। इस उम्र में बच्चों-सी मासूमियत और शरारत को पर्दे पर उतारने का उन्होंने कमाल का काम किया है।जैकी हर दृश्य में गंभीरता परोसते हैं। वह आंखों से ही बुजुर्गों के जीवन में पसरे सन्नाटे को बयां कर जाते हैं। भावुक दृश्यों में उनका अभिनय रोंगटे खड़े करने वाला है।नन्हे के किरदार में अभिषेक और रानी के किरदार में मोनिका अपना हुनर साबित करते हैं।

फिल्म में राखी सावंत का भी छोटा-सा किरदार है। हालांकि, वह ऑफ कैमरा भी इतना अभिनय कर चुकी हैं कि कैमरे पर उनके पास कुछ नया नहीं है। उनके हिस्से में एक आइटम सॉन्ग है, लेकिन इसमें वह प्रभावित नहीं कर पाईं। निर्देशक ने फिल्म में कई किरदार रखे हैं। उन्होंने सबको जोड़ने की कोशिश की, लेकिन इन सबको मजबूती से नहीं जोड़ पाए।एक मोड़ पर आकर सभी कहानियां आपस में जुड़ जाती हैं, लेकिन शुरू से इसका होने के कारण यह मोड़ रोमांचक या भावुक नहीं बन पाया।निर्देशक मस्त में रहने का संदेश देना चाहते हैं, लेकिन फिल्म में यह सकारात्मकता नजर नहीं आती। फिल्म न तो पूरी तरह भावुक करती है, ना ही उम्मीद जगाती है। कलाकारों के अभिनय के अलावा फिल्म में कुछ बेहतरीन शॉट हैं, जो इसे देखने लायक बनाते हैं।बहुत सारे किरदार और ढीले स्क्रीनप्ले के कारण इसकी कहानी बिखर जाती है। इसे समेटने का काम फिल्म का संगीत करता है। इसका संगीत और इसमें शामिल रैप इसके किरदारों की भावनाओं को कहता है।किरदारों के बीच कुछ गहरे संवाद भी शामिल किए गए हैं। हालांकि, कमजोर निर्देशन के कारण ये भी प्रभावित नहीं करते हैं।

## कांतारा के प्रीक्वल का बजट हुआ दोगुना, कहानी से भी हटा पर्दा



ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा 2002 की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में शुमार है। इसने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की। लिहाजा दर्शक इसके दूसरे भाग के इंतजार में थे।हाल ही में फिल्म के प्रीक्वल कांतारा ए लीजेंड: चैप्टर 1 का पहला लुक जारी हुआ था, जिसने दर्शकों को इसकी रिलीज को लेकर और उत्साहित कर दिया है।अब फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं और बताया गया है कि प्रीक्वल को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में फिल्म के निर्माता विजय किरागांदुर ने बताया कि यह कर्नाटक के तटीय इलाकों की कहानी है, जिसे परशुराम ने रचा था। इस कहानी में शिव की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इसके पोस्टर को शिव और परशुराम के प्रतीकात्मक रूप में ही बनाया गया है।मालूम हो कि जारी किए गए पोस्टर में ऋषभ कुल्हाड़ी और त्रिशूल पकड़े हुए नजर आए थे। फिल्म में स्थानीय संस्कृति के बारे में विस्तार से जानकारी दिखाई जाएगी। इस दौरान निर्माता किरागांदुर ने खुलासा किया कि कंतारा ए लीजेंड: चैप्टर 1 के पहले लुक को तैयार करने में ही 10 दिन का समय लग गया था।उन्होंने बताया कि हर महीने फिल्म की 10-15 दिन शूटिंग की जाएगी। ऐसे में 6 से 8 महीने के भीतर शूटिंग पूरी हो जाएगी। उसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन में 3-4 महीने का समय लगेंगे।निर्माता ने यह भी बताया कि ज्यादातर शूटिंग श्रीलंका के घने जंगल में की जाएगी। किरागांदुर ने यह भी बताया कि प्रीक्वल को इसके पहले भाग की तुलना में भव्य स्तर पर बनाया जाएगा।

## शब्द सामर्थ्य -270

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | 5 | | 6 |
| | | 7 | | | 8 | | | |
| 9 | | | | 10 | | 11 | | |
| | | 12 | | | | 13 | 14 | |
| | 15 | | | | | 16 | | |
| | | | 17 | | | | 18 | 19 |
| | 20 | 21 | | 22 | | 23 | | |
| 24 | | | | 25 | | | | |
| | 26 | | | | | | 27 | |

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 269 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |



## इमरान तेलुगु सिनेमा में शुरुआत करने के लिए उत्सुक

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी फिल्म टाइगर 3 की सफलता का आनंद उठा रहे हैं।फिल्म में इमरान, आतिश के किरदार से नजर आए हैं, जिससे उन्होंने दर्शकों के दिलों में अपनी एक अलग छाप छोड़ी है।टाइगर 3 टिकट खिड़की पर खूब नोट छाप रही है तो अब इमरान तेलुगु सिनेमा में अपनी किस्मत आजमाने के लिए तैयार हैं।इमरान, पवन कल्याण की एक गैंगस्टर ड्रामा फिल्म का हिस्सा बन गए हैं, जिसको लेकर अब उन्होंने बात की है।

इमरान तेलुगु फिल्म ओजी में शामिल हुए हैं, जिसका निर्देशन फिल्म साहो के निर्देशक सुजीत कर रहे हैं। इमरान ने बताया कि यह एक पैन इंडिया होगी, जिसके जरिए वह बड़े दर्शक वर्ग तक अपनी पहुंच बनाना चाहते हैं।इमरान कहते हैं कि जो दर्शक उन्हें सिर्फ एक अभिनेता के रूप में जानते हैं, लेकिन उनकी फिल्म नहीं देखी, वे उन तक अपनी फिल्में लेकर जाएंगे।वह साउथ इंडस्ट्री का भी हिस्सा बनना चाहते हैं। इस दौरान इमरान ने अपने किरदार के बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया, लेकिन यह बताया कि उनका किरदार मजेदार होने वाला है।उन्होंने कहा, मैं जो किरदार निभा रहा हूं और निर्देशक सुजीत ने फिल्म के लिए जो दुनिया बनाई है, वह बेहद आकर्षक है। मैं पवन कल्याण के साथ काम करके भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं, जिनकी स्क्रीन पर उपस्थिति अद्भुत होती है।कहा जा रहा है इस फिल्म में भी इमरान नकारात्मक किरदार ही निभाने वाले हैं।

बॉलीवुड सितारे अब साउथ में कदम रखते जा रहे हैं। शनाया कपूर, मोहनलाल की फिल्म वृषभ का हिस्सा हैं तो जाह्नवी कपूर फिल्म देवरा में जूनियर एनटीआर के साथ नजर आएंगे। आलिया भट्ट, अजय देवगन, रवीना टंडन साउथ में पिछले साल शुरुआत कर चुके हैं।

टाइगर 3 इमरान के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म बनी है। ऐसे में आतिश के रूप में उन्हें मिले प्यार से इमरान काफी खुश हैं।इमरान का कहना है कि जब इतने सारे लोग आपकी फिल्म देखने जाते हैं, तो यह पूरी टीम के लिए अच्छी बात है।उन्होंने बताया कि उन्हें कभी भी ये उम्मीद नहीं थी कि वह टाइगर फ्रैंचाइजी का हिस्सा बन जाएंगे। उन्होंने फिल्म की पहली दोनों किस्त देखी थी, जो उन्हें पसंद आई।

## एनिमल की दहाड़ से थर्रा उठा बॉक्स ऑफिस

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है. इसकी कमाई की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है. हर दिन फिल्म के कलेक्शन में जबरदस्त इजाफा देखने को मिल रहा है. देश में नहीं बल्कि विदेशों में भी एनिमल का डंका बज रहा है. अब फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को लेकर लेटेस्ट जानकारी सामने आई है. जानिए अब तक इस मूवी ने कितना कलेक्शन कर लिया है. रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की रिलीज को एक हफ्ते से ज्यादा हो चुका है. अब मूवी ने 650 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. बहुत जल्द ये 700 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी. लेटेस्ट जानकारी के मुताबिक, 9 दिनों में रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने दुनियाभर में 660.89 करोड़ रुपये का शानदार बिजनेस कर लिया है. घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी एनिमल छप्परफाड़ कमाई कर रही है. रिपोर्ट के अनुसार, एनिमल भारत में 413.38 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है. 9वें दिन एनिमल ने जवान और गदर 2 को बॉक्स ऑफिस पर धूल चटा दी है और दूसरे शनिवार को सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. ट्रेड पंडितों का मानना है कि रणबीर कपूर की एनिमल बहुत जल्द 500 के आंकड़े को छू लेगी. बता दें कि रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल 1 दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हु थी. इसमें बॉबी देओल खलनायक की भूमिका निभाकर छा गए हैं. हर तरफ उनकी एक्टिंग की तारीफ हो रही है. वहीं, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर और तृप्ति डिमरी ने भी एनिमल में अहम भूमिका निभाई है. फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा ने किया है, जिन्होंने इससे पहले ब्लॉकबस्टर कबीर सिंह फिल्म बनाई थी.

# सबकी भागीदारी से विकसित होगा राष्ट्र, कहा प्रधानमंत्री ने





**कोरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्रामीणों के साथ वीडियो काफ्रेन्स के माध्यम से जुड़े एवं हितग्राहियों से सीधे वार्तालाप किया।

कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए सबकी सहभागिता जरूरी है। मजबूत इच्छाशक्ति के बलबूते कुछ भी किया जा सकता है। माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से सवाद की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश में विकसित भारत सकल्प यात्रा निकाली जा रही है जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार की प्रमुख योजनाओं का पूर्ण लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहचे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत सकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी हैए जिससे लोगों को कम समय में हो विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

कृषि विज्ञान केंद्र सलका में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने विकसित भारत सकल्प यात्रा की जानकारी सभी से साझा की उन्होंने बताया की इस कार्यक्रम की शुरुआत 15 नवंबर 2023 से हो चुकी है और यह यात्रा उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी जो भारत सरकार की योजनाओं से अब तक वंचित हैं उन्हें इस अभियान से लाभान्वित किया जाएगा। जिले के हर ग्राम पंचायत में आईईसी वैन में लगे एलईडी और विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को भारत सरकार की योजनाओं से अवगत कराया जायेगा ज्ञात हो कि कोरिया जिले को 4 आईईसी वैन दी गई है। यह वैन प्रतिदिन 2 विभिन्न ग्राम पंचायतों का कवरेज करेगी जिसकी जानकारी ग्रामीणों को 3 दिन पहले दी जाएगी ताकि वे इस अभियान का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठा सकें और विकसित भारत के सकल्प में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। इस के दौरान कलेक्टर श्री लगेह ने उप संचालक कृषि को सभी कृषको का मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपाल अधिकारी जिला पंचायत डॉ आशुतोष चतुर्वेदी के द्वारा कृषि के क्षेत्र में किस तरह की साकारात्मक पहल व जनभागीदारी की आवष्यकता के विषय में चर्चा की। परिचर्चा के दौरान प्रगतिषील कृषक अवध बिहारी जायसवाल व उमेष राजवाडे ने कृषि संबंधी अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा उपस्थित कतरीक्षकों को उन्नत कृषि व जैविक खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर नीलम टोप्पो कृषि विज्ञान केन्द्र, कोरिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख इजी कमलेष कुमार सिंह उप संचालक कृषि डीसी कोसले डॉ केषय चन्द्र राजहस एल एस आर्मी व ग्रामीण अंचल से पधारे 130 से भी अधिक कृषकगण कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि विभाग व उद्यानिकी विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## रात की ड्यूटी से कर्मचारी नदारद महिला का शेड के नीचे हुआ प्रसव

**वाड्रफनगर।** विकासखंड के बरती उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर खामी सामने आई है। यहां सोमवार तड़के एक गर्भवती महिला के स्वजन उसे प्रसव के लिए लेकर आए लेकिन रात्रिकालीन ड्यूटी से कर्मचारी के नदारद रहने से महिला का प्रसव स्वास्थ्य केंद्र से लगे शेड में मितानिन द्वारा कराया गया। उक्त महिला के स्वजनों ने बताया कि रविवार शाम को वे अस्पताल में उसे दिखाने आए थे लेकिन वहां मौजूद चिकित्सक ने यह करते हुए वापस घर भेज दिया कि अभी प्रसव का समय नहीं हुआ है। स्वजन इसके बाद महिला को घर लेकर लौट आए। तड़के चार बजे अचानक महिला को प्रसव पीड़ा होने के बाद उसे बरती उपस्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां ताला बंद होने के कारण परिजन परेशान हो गए। कई बार फोन लगाने के बाद भी उप स्वास्थ्य केंद्र का जिम्मेदार स्टाफ नहीं पहुंचा। इसके बाद मितानिन के सहयोग से अस्पताल परिसर में बने शेड में महिला का प्रसव कराया गया। सुबह आठ बजे अस्पताल प्रबंधन के लोग वहां पहुंचे, इसके बाद महिला को स्वास्थ्य केंद्र के भीतर शिफ्ट किया गया। अगर इस प्रकार की किसी ने लापरवाही की है तो शिकायत प्राप्त होने के बाद संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## 265 बोरी अवैध धान जब्त

**बलरामपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज के मार्गदर्शन में तहसीलदार रामानुजगंज विष्णु गुप्ता के द्वारा ग्राम विजयनगर निवासी अली मोहम्मद एवं शमीम के द्वारा अवैध रूप से भण्डारित लगभग 265 बोरी धान जब्त किया गया है। जांच में पाया गया कि अली मोहम्मद के द्वारा 65 बोरी धान अवैध रूप से दूसरे राज्य से लाकर अपने घर में भंडारित किया गया था। इसी प्रकार शमीम के द्वारा भी 200 बोरी अवैध धान दूसरे राज्य लाकर व कोचियों से खरीदकर अपने घर में भण्डारित किया गया था। तहसीलदार गुप्ता ने दोनों व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से भण्डारित किए गए 265 बोरी धान को जब्त कर कार्रवाई की है। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर आर एक्का ने जिले में अवैध धान की आवक को रोकने के लिए टीम गठित कर कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नागरिकों से अपील की है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि तथा अनियमितता होने पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसमें शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के समुचित क्रियान्वयन के लिए जिला एवं ग्राम पंचायत स्तरीय समिति का गठन

**कोरिया।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के समुचित क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने जिला एवं ग्राम पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कलेक्टर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को सदस्य सचिव होंगे। जिला स्तरीय समिति में वनमण्डलाधिकारी, अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुण्ठपुर/सोनहत, महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल., मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उप संचालक कृषि/पशुपालन/मत्स्य पालन, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, खाद्य अधिकारी, सहायक पंजीयक सहकारिता, श्रम विभाग, अग्रणी बैंक (लीड बैंक) अधिकारी तथा जनसम्पर्क अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी, आंगनवाडी कार्यकर्ता, मितानिन/आषा कार्यकर्ता, प्राचार्य/प्रधानपाठक पंचायत मुख्यालय, ग्रामीण कृषि एवं ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, सहकारिता निरीक्षक तथा वन रक्षक को ग्राम पंचायत स्तरीय समिति में रखा गया है। कलेक्अर श्री लंगेह ने उक्त समिति को विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देष दिए है।

## मीडिया कालोनी से नकबजनी के आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी के कबीरनगर थाना क्षेत्र के सोनडोंगरी स्थित मीडिया कालोनी आवासीय परिसर में दबिश देकर पुलिस के टीम ने चोरी के मामले में नाबालिग सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के करीब ढाई लाख के जेवर बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीएसयूपी कालोनी सोनडोंगरी में रहने वाला पीड़ित चेतन कुमार ने थाना कबीर नगर में शिकायत किया था कि वह 9 दिसंबर को अपने घर में ताला बंद कर सपरिवार विवाह कार्यक्रम में गया था। तभी उसके पड़ोसी ने उसे फोन कर सूचना दिया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। जिस पर चेतन घर आकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा हुआ था तथा बैग में रखे सोने चांदी के जेवरात नहीं थे। मामले में पुलिस को संदेही रितेश कुमार साहू निवासी मीडिया कालोनी आवासीय परिसर ब्लॉक नंबर 18 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा रितेश कुमार साहू की पतासाजी कर पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी जो नाबालिग है के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त नाबालिग को भी गिरफ्तार किया है।

## अपेक्षा से बढ़कर जनता ने सहयोग दिया: राजेश



**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने पालिका क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता ने अपेक्षा से बढ़कर भैया लाल राजवाड़े के प्रति अपना विश्वास व्यक्त करते हुए 25000 से भी ज्यादा मतों से जीत दिलाई है बैकुंठपुर विधानसभा में इतनी जीत आज तक नहीं मिली इस अभूतपूर्व जीत के प्रति प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सभी ने सहयोग व समर्थन किया इसका मुख्य वजह उनकी सहजता और सरलता है क्षेत्र के विकास के लिए माननीय भैया लाल राजवाड़े जी ने जो किया है वह किसी से छिपा नहीं है बल्कि चर्चा के इतिहास में छप गया है अपने कार्यकाल में गरीब लोगों के इलाज हेतु समर्पित भाव से उनके द्वारा किया गया कार्य पूरे देश में एक मिसाल बन गया वह मिसाल पुन: कार्य रूप में आपके सामने रहेगा पिछले 5 सालों में क्षेत्र के नागरिकों को इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ा जो की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रहा किंतु अब किसी भी नागरिक को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा मैं विश्वास दिलाता हूं की चर्चा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी भैया लाल राजवाड़े जी के मार्गदर्शन में जितना अधिक से अधिक संभव होगा विकास होगा, समस्याओं का समाधान होगा, भेदभाव से परे हटकर चर्चा क्षेत्र को एक नई दिशा और दशा मिलेगी ,भ्रष्टाचार और मनमानी पर अंकुश लगेगा , घर की जागीर की तरह समझते हुए चर्चा को चलाने वालों को अब सोचना पड़ेगा ,चर्चा को बसाने के लिए भैया लाल राजवाड़े जी ने अपना अद्वितीय योगदान दिया था लगभग 5 दशक से भी अधिक का समय गुजर गया किंतु चर्चा के प्रति उनका समर्पण भाव आज तक यथावत है ,चर्चा कालरी क्षेत्र के स्थायित्व के लिए नए सिरे से प्रयास किए जाएंगे ,केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सामंजस्य से बेहतर से बेहतर कार्य की रूपरेखा बनाई जाएगी और इसमें निश्चित ही हम आप सभी सफल होंगे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी आपका विश्वास, प्यार, स्नेह और योगदान मिलता रहेगा।

## फसल बीमा वैन को हरी झंडी दिखाकर कलेक्टर ने किया रवाना

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत दिनांक 11 दिसंबर को जिला कलेक्टर सूरजपुर संजय अग्रवाल द्वारा फसल बीमा सप्ताह आयोजित करने के लिये फसल बीमा वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी फसलों मे कृषकों के फसलों में बीमित राशि के 1.5 प्रतिशत प्रीमियम राशि प्रति हे0 के आधार पर फसल बीमा किया जाता है। सूरजपुर जिले के लिये अधिसूचित फसलों में गेहूं सिंचित जिसका बीमित राशि रूपये 33000 के लिये राशि रूपये 495 प्रीमियम राशि देय होगा। उसी प्रकार गेहूँ असिंचित के लिए बीमित राशि रूपये 23000 एवं प्रीमियम राशि रूपये 345, चना बीमित राशि रूपये 31000 एवं प्रीमियम राशि रूपये 465 राई सरसों बीमित राशि रूपये 26000 एवं प्रीमियम राशि रूपये 390 एवं अलसी बीमित राशि रुपये 16000 एवं प्रीमियम राशि रूपये 240 निर्धारित है।

# चूल्हे की आग ने कंबल को चपेट में लिया, दो की मौत



**राजपुर।** राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम ठरकी में रविवार खाना खाकर सो रहा दंपती चूल्हे से फैली आग की चपेट में आकर जिंदा जल गए। पत्नी की राजपुर तो पति की अंबिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल में मौत हो गई। देर रात हुई घटना के बारे में घर के बाकी सदस्यों को उस समय पता चला जब कमरे से कुछ जलने की बदबू आई। स्वजन के वहां पहुंचते तक दोनों आग से बुरी तरह जल चुके थे।

जानकारी के मुताबिक ग्राम ठरकी निवासी पर्वतिया 50 वर्ष और उसका पति बैजनाथ कोड़ाकू उम्र 55 वर्ष रविवार रात खाना खाकर सो रहे थे। इसी बीच कमरे में बने चूल्हे की आग दंपती के कंबल तक पहुंच गई। नींद में होने के कारण दोनों का पता नहीं चला और देखते ही देखते दोनों आग की चपेट में आ गए जिससे दोनों बुरी तरह झुलस गए। घर में रह रहे स्वजन को आग से जलने की बदबू आई तो जाकर कमरे में देखा। वहां दोनों बुरी तरह से आग से जल चुके थे । दोनों को तत्काल राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पत्नी पर्वतिया को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पति बैजनाथ की स्थिति गंभीर को देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर किया गया जहां सोमवार दोपहर उसने भी दम तोड़ दिया। राजपुर पुलिस मर्ग कायम मामले की जांच कर रही है। ठंड के दिनों में अक्सर ग्रामीण क्षेत्र में आग तापने के दौरान जलने की घटना सामने आती है। ग्रामीणों की लापरवाही भी हादसे का बड़ा कारण बनती है। ग्राम ठरकी की घटना में भी कमरे के भीतर जलता चूल्हा छोड़ने से गंभीर घटना हुई। चूल्हे की आग कंबल तक छिटककर पहुंची और पति-पत्नी की जलने से मौत हो गई।

## अब शासकीय कार्यालय के आसपास का परिक्षेत्र रहेगा साइलेंस जोन

**सूरजपुर।** माननीय उच्च न्यायालय के प्रकरण में पारित आदेश दिनांक 20 नवंबर के परिपालन में तथा कार्यालयीन आदेश दिनांक 24 नवंबर के अनुक्रम में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा जिले के शासकीय कार्यालयों के 100 मीटर की परिधि क्षेत्र को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (साइलेंस जोन) घोषित किया गया है। जिसके तहत औद्योगिक क्षेत्र में दिन के समय (सुबह 06:00 से 10:00 बजे तक) 75 डीबी तथा रात के समय (रात 10:00 से सुबह 06:00 बजे तक) 70 डीबी से अधिक ध्वनि तीव्रता नहीं होनी चाहिए। इसी प्रकार वाणिज्य क्षेत्र में दिन के समय (सुबह 06:00 से 10:00 बजे तक) 65 डीबी तथा रात के समय (रात 10:00 से सुबह 06:00 बजे तक) 55 डीबी, आवासीय क्षेत्र में दिन के समय (सुबह 06:00 से 10:00 बजे तक) 55 डीबी तथा रात के समय (रात 10:00 से सुबह 06:00 बजे तक) 45 डीबी, शांत परिक्षेत्र में दिन के समय (सुबह 06:00 से 10:00 बजे तक) 50 डीबी तथा रात के समय (रात 10:00 से सुबह 06:00 बजे तक) 40 डीबी से अधिक ध्वनि तीव्रता नहीं होनी चाहिए।

# संघर्ष में तपकर संवारा अपना और परिवार का जीवन

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हायर सेकंडरी तक की पढ़ाई की है। इसके आगे की पढ़ाई भी विष्णुदेव साय कर सकते थे लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण उन्होंने आगे की पढ़ाई जारी नहीं रखी। वे गांव वापस लौट आए। खेती-बाड़ी की जिम्मेदारी संभाली। इस कार्य में वे इतना रम गए कि घर,परिवार और समाज ही उनके लिए सब कुछ हो गया था लेकिन जीवन में अचानक बदलाव आया। भाजपा के कद्दावर नेता स्व दिलीप सिंह जूदेव के सानिध्य में राजनीति का क़कहरा सीखने वाले विष्णुदेव साय आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हैं। साय के मुख्यमंत्री बनने से उत्तर छत्तीसगढ़ में हर्ष का माहौल है।

सरगुजा संभाग का हर आम व खास नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सहज, सरल अंदाज से अच्छी तरह से वाकिफ है। जशपुर जिले के उनके गृह ग्राम बगिया में तो मानो बहार आ गई है। चार पहिया वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। लोग उनके घर पहुंच रहे हैं। परिवार के सदस्यों को इस गौरवपूर्व उपलब्धि के लिए बधाई दे रहे हैं। इन्हीं व्यस्तताओं के बीच हमने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के स्वजन,दोस्त और परिचितों से चर्चा की। यह बात निकलकर सामने आई कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जीवन भी संघर्षों का जीवंत उदाहरण है। संघर्षों ,चुनौतियों से लड़ते हुए वे आगे बढ़े और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संघर्ष में तप कर अपना और परिवार का जीवन संवारा है।चौथी कक्षा मे पढ़ाई के दौरान ही पिता राम प्रसाद साय का निधन हो गया था। मां



जसमनी देवी और दो छोटे भाई ओम प्रकाश साय, विनोद साय के साथ परिवार के समक्ष परेशानियां खड़ी हो गई थी। परिवार के पास जमीन तो खेती करने के लिए थी, लेकिन खेती की देख रेख करने के लिए कोई नहीं था।आर्थिक संकट से जूझते हुए गृहग्राम बगिया के प्राथमिक स्कूल से कक्षा पांचवीं तक की पढ़ाई पूरी की और मिडिल स्कूल की पढ़ाई के लिए कुनकुरी चले गए। यहां जशपुर रोड मे चर्च के पास प्रकाश कुजूर के कच्चे मकान के एक छोटे से कमरे मे रह कर 11 वीं की पढ़ाई पूरी की। खेती बाड़ी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण उन्होंने हायर सेकंडरी के आगे पढ़ाई नहीं की। मकान मालिक प्रकाश कुजूर ने बताया कि विष्णुदेव साय, छात्र जीवन से ही बड़े शांत और मिलनसार स्वभाव के थे।पढ़ाई के साथ - साथ खेलकूद में भी काफी सक्रिय रहा करते थे। कुनकुरी के लोयोला स्कूल के प्राचार्य मर्यानुस केरकेट्टा ने बताया कि विष्णु देव साय 1975 से 81 तक पढ़ाई किये थे। उन्होंने बताया कि साय विज्ञान संकाय के छात्र थे और पढ़ाई मे हमेशा अव्वल रहते थे। उनके साथ के सहपाठियों ने बताया था कि विष्णुदेव साय बेहद गंभीर और पढ़ाई के प्रति सजग रहने वाले आदर्श विद्यार्थी के रूप में खुद को स्थापित कर चुके थे। उन्होंने बताया कि ज़ब विष्णु देव साय लोयोला स्कूल के छात्र थे, उस समय वे भी इसी संस्था मे छात्र हुआ करते करते थे।विष्णु देव साय उनके जूनियर थे। पढ़ाई करने के बाद 2009 में वे पढ़ाई पूरा करने के बाद स्कूल के प्राचार्य बने।

## बिहारपुर के जनपद पंचायत ओड़गी में कैम्प कार्यालय का आयोजन

**सूरजपुर।** जनपद पंचायत ओड़गी के कैम्प कार्यालय बिहारपुर में संचालित किया जा रहा है। जिसमें समस्त विकासखण्डस्तरीय अधिकारियों को प्रति सप्ताह में एक दिन शुक्रवार समय 10:00 बजे से 5:00 बजे तक कैम्प कार्यालय बिहारपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन, प्रचार-प्रसार एवं जन साधारण से प्राप्त समस्याओं का निराकरण किया जाना है।

## आरबीसी 6-4 के तहत 73 लाख 50 हजार की सहायता राशि मंजूर

**सूरजपुर।** न्यायालय अपर कलेक्टर राजस्व शाखा द्वारा आरबीसी (राजस्व पुस्तक परिपत्र) 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा व दुर्घटना से मृत्य परिवारों को 73 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई। इस पर प्रकाश डालते हुए अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने बताया कि सर्प दंष के कारण, तालाब व कुआं में डूबन के कारण, आकाषीय बिजली गिरने के कारण एवं इत्यादि प्राकृतिक आपदा कारणो से मृत्य परिवारो के लिए छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसी के तहत जिले के आठ तहसील प्रतापपुर, लटोरी, प्रेमनगर, रामानुजनगर, भटगांव, बिहारपुर, सूरजपुर व भैयाथान के 19 मृतकों के निकटतम वारिसानों को 73 लाख 50 हजार रुपय की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## 18 को शुष्क दिवस घोषित

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सूरजपुर आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये छत्तीसगढ़ आबकारी देषी, विदेषी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 के अंतर्गत शासन द्वारा जारी निर्देष वर्ष 2023-24 नियम के अनुसार 18 दिसंबर 2023 (गुरू घासीदास जयंती) के उपलक्ष्य में एक दिवस का शुष्क दिवस रखे जाने के प्रावधान अनुसार दिनांक 18 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

**यातायात पुलिस का नया प्रयोग**

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर अब जीपीएस कैमरे से काटेगी चालान

**रायपुर।** राजधानी के बदहाल ट्रैफिक को सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस एक नया प्रयोग करने जा रही है। इसके तहत अब लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफमैन्युअली कार्रवाई के दौरान जीपीएस कैमरे से फोटो खींचेगी। इसकी वजह वाहन चालकों की बाहनेबाजी पर अंकुश लगाना है। गौरतलब है कि लापरवाह वाहन चालकों पर अंकुश लगाने आईटीएमएस के तहत लगाए गए कैमरों की मदद से कार्रवाई की जाती रही है। जहां आईटीएमएस कैमरे नहीं लगे हैं, वहां ट्रैफिक पुलिस मैन्युअली कार्रवाई करती है। उसके बाद चालान घर पहुंचने के बाद वाहन चालक कई तरह के बहाने करते हैं।

इस वजह से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने जीपीएस कैमरे से फोटो खींचने के निर्देश दिए गए हैं। ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मुताबिक नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों को उठाने के समय तथा ऐसी जगह पर यातायात उल्लंघन करने वालों के खिलाफकार्रवाई की जाती है, जहां आईटीएमएस के कैमरे नहीं लगे होते। उन जगहों में सामान्य कैमरे से फोटो खींचकर चालान भेजने पर वाहन चालक बहानेबाजी कर बचने की कोशिश करते हैं। जीपीएस कैमरे से फोटो खींचकर चालान भेजने पर वाहन चालक किसी तरह से बहानेबाजी नहीं कर पाएगा। जीपीएस कैमरे से फोटो खींचने पर फोटो किस जगह पर खींची गई है, इसका उल्लेख रहता है। इसके साथ ही फोटो में समय के साथ तारीख का उल्लेख रहता है।

इसके अलावा फोटो में अक्षांश तथा देशांश का उल्लेख रहता है। जीपीएस कैमरे से खींची गई फोटो में किसी तरह के विवाद होने की आशंका समाप्त हो जाती है। ट्रैफिक पुलिस अफसर के मुताबिक ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस हर महीने औसतन नौ से दस हजार के करीब चालानी कार्रवाई करती है, जिसमें नो पार्किंग में वाहन खड़े करने के साथ रांग साइड वाहन चलाने की कार्रवाई भी शामिल है। ट्रैफिक पुलिस जो चालानी कार्रवाई करती है,उनमें से 30 प्रतिशत कार्रवाई मैन्युअली होती है। ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह ने कहा ङ्क मैन्यूअली चालानी कार्रवाई करने के बाद वाहन मालिक को नोटिस तामिल की जाती है, तब वाहन मालिक अपने बचाव के लिए कई तरह के बहानेबाजी करते हैं।

# राज्य परिवहन की बस से पहली बार नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे मुख्यमंत्री विष्णुदेव

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंच से मुख्यमंत्री तक का सफर पूरा किया है। इस बीच वे विधायक,लोकसभा सदस्य और केंद्र सरकार में मंत्री भी रहे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की बड़ी जबाबदारी संभाल चुके छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरपंच रहते वर्ष 1990 में पहली बार अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने में विधायक निर्वाचित हुए थे।

उस दौरान जशपुर जिला अस्तित्व में नहीं आया था। यह क्षेत्र रायगढ़ जिले में आता था। जिला मुख्यालय रायगढ़ होने के साथ चुनाव से संबंधित सारा कार्य भी वहीं से होता था तब जशपुर की राजनीति में दिलीप सिंह जूदेव सर्वमान्य नेता थे। निजी बस सेवाओं का भी अभाव था। उस दौर में विष्णुदेव साय भाजपा के दो अन्य प्रत्याशियों के साथ मध्यप्रदेश राज्य परिवहन की बस से ही नामांकन दाखिल करने के लिए रायगढ़ गए थे। आज विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। उनके लंबे राजनैतिक जीवन को न सिर्फ परिवार के लोग बल्कि परिचित व समर्थक भी याद कर रहे हैं। विष्णुदेव साय ने जनप्रतिनिधि के रूप में अपना काम पंच के रूप में शुरू किया था। अपने ग्राम पंचायत में वे सरपंच भी निर्वाचित हुए थे। विष्णुदेव



साय की सादगी और सरलता से प्रभावित होकर भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप सिंह जूदेव ने तपकरा विधानसभा सीट से उन्हें चुनावी मैदान में उतारा था। दिलीप सिंह जूदेव ने ओडिसा की अपनी मछली फैक्ट्री को बेच कर 1990 मे तपकरा विधान सभा सीट से मैदान मे उतारा था। जशपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण कुमार राय ने बताया की उस वर्ष तपकरा से विष्णु देव साय, जशपुर से गणेश राम भगत और बगीचा से विक्रम भगत भाजपा के प्रत्याशी थे। तीनों प्रत्याशी नामांकन फ़ार्म भरने के लिए राज्य परिवहम बस से रायगढ़ पहुंचे थे।36 साल की उम्र में विष्णुदेव साय पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सहपाठी प्रकाश तिवारी ने बताया कि ज़ब साय जी चुनाव जीत कर मध्यप्रदेश विधान सभा भवन पहुंचे तो उनके कम उम्र और सादगी को देख कर, विधायक होने पर वरिष्ठजन विश्वास नहीं करते थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सबसे छोटे भाई जय प्रकाश साय ने बताया कि कुनकुरी सीट से जब भैया विष्णुदेव साय को भाजपा ने प्रत्याशी घोषित किया तो परिवार में खुशी की लहर थी प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से ही परिवार के सदस्य जीत को लेकर आश्वस्त थे। क्षेत्रवासियों का पूरा सहयोग व समर्थन मिल रहा था।तीन दिसंबर को परिणाम घोषित होने के बाद से मिडिया मे विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री पद का प्रबल दावेदार बताया जा रहा था। लेकिन भैया विष्णु देव साय ने कभी दावेदारी नहीं की। वे हमेशा स्वयं को पार्टी का अनुशासित कार्यकर्ता कहते रहे। जय प्रकाश साय ने बताया कि रविवार को रायपुर से फोन करके उन्हें सूचना दी गईं कि भैया को छत्तीसगढ़ प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया है।

# अभी 2200 प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी, बढ़ी राशि के लिए निर्देश का इंतजार

**कोरबा।** जिले में खरीफ सीजन 2023-24 की धान खरीदी केंद्र सरकार के द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2200 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर हो रहा है। जिले में 50 हजार से ज्यादा किसानों ने अपनी पैदावार बेचने के लिए पंजीकरण कराया हुआ है। मौजूदा स्थिति में सभी प्रकार की प्रक्रियाएं ऑनलाइन संचालित हो रही है। निर्धारित राशि के हिसाब से किसानों को उनके द्वारा लाई गई धान की मात्रा का भुगतान ऑनलाइन प्रक्रिया से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ हुई भाजपा ने चुनाव के दौरान धान खरीदी के लिए जो घोषणा की थी, उसके लिए फिलहाल दिशा निर्देश नहीं मिले हैं। संभवत: सरकार के शपथ ग्रहण के कुछ दिनों के बाद पूरी तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी।

अलग-अलग प्रकार के खाद्यान्न की खरीदी के लिए भारत सरकार ने भिन्न-भिन्न समर्थन मूल्य निर्धारित किया हुआ है। मांग समेत कई प्रकार के फैक्टर इसमें शामिल होते हैं और इसके अनुपात में नए प्रावधान का समावेश समय के साथ किया जाता है। मौजूदा स्थिति में छत्तीसगढ़ सहित उन सभी राज्यों के लिए जहां धान की पैदावार होती है, उपार्जन हेतु 2200 रुपए प्रति क्विंटल की दर तय है। 1 नवंबर से



कोरबा जिले में 65 उपार्जन केंद्रों में खरीदी का काम प्रारंभ किया गया। शुरुआती तैयारियों की श्रृंखला में 50 हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीकरण पैदावार बेचने के लिए कराया। इनमें से 7500 की संख्या पिछले वर्ष की थी जबकि अलग-अलग आधार पर काफी किसानों के नाम निरस्त किये गए हैं। जानकारी के मुताबिक धान खरीदी का पूरा काम ऑनलाइन तरीके से संचालित हो रहा है। टोकन काटने के साथ ही किसान द्वारा लायी गई मात्रा की गणना और न्यूनतम समर्थन मूल्य के हिसाब से उसके सकल भुगतान को ऑटोमेटिक सॉफ्टवेयर की व्यवस्था डिस्प्ले करती है। इसमें यह चीज भी दर्शायी जाती है कि संबंधित किसान का कितना कर्ज है। मौजूदा मिलने वाली राशि से उसकी कटौता का विकल्प भी दिया गया है। इसके हिसाब से शुद्ध राशि का भुगतान किसान को किया जाना है।

बताया गया कि वर्तमान स्थिति में किसानों से धान की खरीदी न्यूनतम एमएसपी के तौर-तरीके से ही की जा रही है। कारण यह है कि सहकारी बैंक सहित त्रिस्तरीय खरीदी व्यवस्था के अंतर्गत जो साफ्टवेयर डेवलप किया गया है उसमें प्रावधान इसी प्रकार के हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के द्वारा किसानों के लिए प्रति क्विंटल धान खरीदी के पीछे अलग-अलग घोषणाएं की गई थी, जिनका अपना आकर्षण रहा। जानकारी के अनुसार बढ़ी हुई राशि का भुगतान कब तक और कैसे किया जाएगा, इस बारे में फिलहाल दिशा निर्देश नहीं मिले हैं। माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण व सामान्य रूप से कामकाज शुरू करने के साथ इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जा सकती है। जबकि इस बात की घोषणा भी की जा चुकी है कि लंबित दो वर्ष के बोनस का भुगतान भी जल्द ही किसानों को किया जाएगा।

### कुदुरमाल में 36 हजार क्विंटल धान खरीदना शेष

कुदुरमाल धान खरीदी केंद्र में काफी मात्रा में धान खरीदा गया है। फड़ प्रभारी के मुताबिक अब तक स्थिती में यहां 14 किसानों ने अपना धान बेचा है जिसकी मात्रा 544 क्विंटल है। यहां कुल 765 किसान पंजीकृत है जिनसे 36 हजार क्विंटल धान खरीदना है।

## बदले जा सकते हैं कोरकोमा पीएचसी प्रभारी

**कोरबा।** अगर किसी प्रकार के दांवपेंच काम नहीं आए तो इस बात की पूरी संभावना है कि बहुत जल्द कोरबा जिले में कोरकोमा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉक्टर एमएल भारिया को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर लगातार हो रही घटनाओं के कारण इस प्रकार के दावों को मजबूती मिल रही है। एक दिन पहले ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक फार्मासिस्ट सखाराम के साथ जो घटना हुई उसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने इसे गंभीरता से लिया और जांच शुरू कर दी। पिछले सप्ताह को अंतिम कार्य दिवस शनिवार को कायाकल्प योजना के संबंध में बैठक रखी गई थी। मौके पर रखी गई टेबल को हटाने के लिए सोमवार को चर्चा हुई थी और इसी दौरान फार्मासिस्ट से बुरा बर्ताव हो गया। कर्मचारी का आरोप है कि डॉक्टर ने उसके साथ मारपीट की इस घटना को एक महिला कर्मी ने भी देखा। स्वास्थ्य विभाग ने कर्मचारियों की शिकायत पर जांच प्रारंभ की है और तथ्यों के आधार पर आगे बढ़ाने की बात कही है।

## बाइक सवार को बचाते कार जा चढ़ी डिवाइडर पर, लोग सकुशल



**कोरबा।** बाइक सवार को बचाने के फेर में एक कार डिवाईडर के उपर चढ़ गई। कार में महिला समेत चार लोग सवार थे। हादसे में किसी तरह की जनहानी नहीं हुई। लोगों के सकुशल होने की खबर मिलने से सरकारी तंत्र व जन सामान्य ने राहत की सांस ली।

बीती रात कटघोरा नगर में एक कार अनियंत्रित होकर डिवाईडर के उपर चढ़ गई,एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में यह हादसा हुआ है। हादसे का सुखद पहलु यह रहा,कि इसमें किसी तरह की जनहानी नहीं हुई है। जिस वक्त हादसा हुआ उस वक्त कार में एक महिला समेत चार लोग सवार थे। कहा जा रहा है,कि शाम होते ही कटघोरा मुख्य मार्ग पर जाम लग जाता है जिससे हादसे की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। सड़क किनारे वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा करने के साथ ही दुकानदारों द्वारा सड़कों पर अतिक्रमण करने व होर्डिंग लगाए जाने के कारण सड़क काफी संकरा हो गया है जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। इस दिशा में नगर पालिका को ध्यान देने की जरुरत है ताकी हादसे की हर संभावना को समाप्त किया जा सके।

## पावर प्लांट के पास अज्ञात व्यक्ति का विकृत शव मिला



**कोरबा।** हरदी बाजार थानांतर्गत एस व्ही पावर प्लांट के समीप एक अज्ञात व्यक्ति की सड़ी-गली स्थिति में शव मिला है। दो दिन से लोग दुर्गंध को महसूस कर रहे थे। इस दौरान अलग-अलग अटकलें लगाई जा रही थी। नेवसा ग्राम के कोटवार ने हरदी बाजार थाना को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस की टीम ने क्षेत्र का जायजा लिया। मौके से शव को बरामद करने के साथ पंचनामा किया गया। इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है कि मृतक कौन है उसके साथ क्या कुछ हुआ। मर्ग कायम करने के साथ कार्रवाई की जा रही है। संभावना जताई गई है कि इस मामले में फोरेंसिक जांच का सहारा लिया जा सकता है।

## जीजा ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में अपराध पंजीकृत किया है। बताया गया कि आरोपी जीजा के द्वारा अपनी सगी साली से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। सूनेपन का लाभ लेकर उसके द्वारा यह कृत्य किया गया। पीड़िता ने अपने परिजनों को इस बारे में जानकारी दी। इसके बाद यह मामला कोतवाली थाना पहुंचा। थाना प्रभारी अभिनव कांत सिंह ने बताया कि 376 आईपीसी के अंतर्गत अपराध रजिस्टर्ड किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अनेक मंडलों में भाजपाईयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोरबा।** आज कई मंडलों में भाजपाईयों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। हरदीबाजार नगर मंडल के तिवरता स्थित मरकादाई मंदिर में भाजपाईयों ने सफाई अभियान चलाते हुए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष हरीश थरवानी, दुर्गेश कश्यप, विजय राठौर, छतलाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। दीपका नगर मंडल में समलाई मंदिर के आसपास भाजपाईयों ने जाकर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सूर्यप्रकाश शर्मा, अरुणीश तिवार, राजू प्रजापति सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। बांकीमोंगरा मंडल के गेवरा बस्ती में भी सफाई करने के लिए भाजपाई एकत्रित हुए हैं। यहां पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जगत, मनीष मिश्रा, संतोष दास, पप्पू महाजन सहित अन्य कार्यकर्ता तालाब की सफाई करेंगे। कोरबा जिले के सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सभी स्थानों पर भाजपाई पहुंच रहे हैं।

## अविश्वास प्रस्ताव, प्रशासन ने मंगवाई जानकारी

**कोरबा।** कोरबा जिले के नगर पालिका परिषद दीपिका में भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष संतोषी दीवान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के संबंध में जिला प्रशासन को आवेदन दिया गया है। प्रशासन ने इसे स्वीकार करने के साथ आगे की जानकारी मंगवाई है।

एडिशनल कलेक्टर प्रदीप साहू ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में हमारे पास एक आवेदन प्राप्त हुआ है। इस बारे में हमने नगर पालिका परिषद से कार्यकारिणी के गठन के साथ-साथ पूर्व में कई गई अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही का ब्यौरा मांगा है। यह जानकारी प्राप्त होने के बाद इस दिशा में आगे बढ़ा जाएगा।

याद रहे 4 वर्ष पहले नगर पालिका का चुनाव हुआ था, जिसमें 10 पार्षद बीजेपी से चुने गए थे। 7 पार्षद कांग्रेस से चुनकर आए थे। जबकि तीन स्वतंत्र और एक बसपा का पार्षद था। कई कारणों से नगर पालिका में तनातनी चल रही है। छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के साथ कई प्रकार के समीकरण बन रहे हैं। नगर पालिका परिषद में भी ऐसा ही कुछ चल रहा है। यहां भाजपा पार्षदों ने संख्या बल और अन्य पार्षदों का समर्थन मिलने की बात कहते हुए अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

## शूटिंग की राष्ट्रीय स्पर्धा में अव्वल रहे समर, खेलेंगे अंतरराष्ट्रीय मैच



**कोरबा।** वर्ष 2023 में नई दिल्ली में आयोजित शूटिंग (रायफल) के 66वीं नेशनल चैंपियनशिप में समर प्रताप सिंह ने सफलता हासिल की। उन्होंने 600 में से 598.3 स्कोर अर्जित कर अपने परिजनों और मार्गदर्शक के सपनों को साकार किया। वह आगामी वर्ष 2024 में इंटरनेशनल खेल के ट्रायल में भाग लेंगे। टेलीकॉम कंपनी के मैनेजर सत्यदेव सिंह के बेटे समर प्रताप सिंह ने 16 वर्ष की उम्र में नेशनल लेवल के प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व बनाया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने के साथ विजेता बनने वाले समर प्रताप ने बताया कि शुरुआत से लेकर वे अब तक अनेक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के साथ सफलता प्राप्त करते रहे हैं। उनका मानना है कि पूरी ईमानदारी से प्रशिक्षण लेने और सही दिशा में आगे बढ़ने से लक्ष्य प्राप्त करने में मुश्किल नहीं होती। समर को मिली सफलता पर शिक्षण संस्थान के साथ-साथ कई सामाजिक संगठनों ने बधाई दी।

## असामाजिक तत्वों से परेशान हैं बिजली कर्मी

**कोरबा।** विद्युत मंडल कोरबा पूर्व कालोनी में असामाजिक तत्व घुस आते हैं जिसके चलते बिजली कर्मी परेशान रहने लगे हैं। कालोनी के बाहर कई गेट बने हुए हैं। इन गेटों को बंद करना जरूरी हो गया है। गेट की संख्या सीमित करने की जरूरत है। इस संबंध में एक बैठक बिजली कर्मचारी संघ की हुई जिसमें यशवंत राठौर, पूर्णिमा साहू, लोचन दास सहित ठेका मजदूर मौजूद थे। इनका कहना था कि असामाजिक तत्व कालोनी के भीतर आकर लोगों को परेशान करते हैं। नशे में धुत होने के कारण ऐसे लोगों से दूर रहना जरूरी है। अगर इन असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई नहीं की गई तो कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। बिजली कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि मंडल प्रबंधन से जाकर मुलाकात करेगा।

## तख्तापलट के साथ कोयलांचल से अन्ना कबाड़ी हुआ अदृश्य

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में तख्ता पलट होने के साथ कई प्रकार की स्थितियां बदली हुई नजर आ रही है। जिले के कोयला आंचल गेवरा दीपका में सक्रिय अन्ना कबाड़ी अदृश्य हो गया है। इस पर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

काफी समय से अवैध कार्य का सिलसिला जिले में चला रहा है और इसमें कई चेहरे शामिल रहे हैं। दीपिका क्षेत्र में यहां वहां से चोरी चकारी का सामान खरीदने और बेचने के मामले में चर्चित अन्ना कबाड़ी का नाम हर कही सुर्खियों पर रहा। जानकारी मिली है कि छत्तीसगढ़ में राजनीतिक स्थिति में भरपूर परिवर्तन के बाद वह अचानक भूमिगत हो गया है। दीपिका और दूसरी जगह पर उसके जो ठिकाने चल रहे थे वहां पर सन्नाटा पसरा हुआ है। कहां जा रहा है कि बीते वर्षों में अनुकूल स्थिति होने का उसने जमकर फायदा लिया। नई सरकार ने अवैध कारनामे और उसमें शामिल लोगों को बिल्कुल नहीं बख्शने की बात कही है। इसके नमूने कोरबा समेत आसपास के इलाकों में लगातार देखने को मिल रहे हैं,, जहां पर प्रशासन और पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही है ऐसे में जोखिम लेने के लिए कोई भी तैयार नहीं है।

## बूथ कार्यकर्ताओं का करेंगे सम्मान

**कोरबा।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्ण कुमार द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कई बूथों में भाजपा को बढ़त मिली है। बूथों में मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। खासकर दादर क्षेत्र में बूथ कार्यकर्ता काफी उत्साहित थे। लंबे समय से वे संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे थे। ऐसे लोगों का सम्मान किया जाएगा।

## ठेका मजदूरों को खदान तक पहुंचने में हो रही परेशानी

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में बिना हेलमेट लगाए ठेका मजदूरों को अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। इसमें एसईसीएल कर्मचारी भी परेशान हैं क्योंकि कई ऐसे एसईसीएल कर्मी हैं जो साइकिल पर चलते हैं और हेलमेट नहीं लगाते हैं। ऐसे लोगों को भी रोका जा रहा है। मजदूरों की शिकायत मिलने पर एसईकेएमसी के गोपाल यादव व डी.के. मिश्रा ने जाकर अधिकारियों से मुलाकात की। अधिकारियों ने कहा कि ठेका मजदूरों को हेलमेट लगाना अनिवार्य है। इसके अलावा ठेकेदार ठेका मजदूरों को खदान तक ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था कराए तभी ठेका मजदूर सुरक्षित रह पाएंगे। ठेकेदारों से कहा जा रहा है कि ठेका मजदूरों को हेलमेट प्रदान करें और उन्हें खदान तक पहुंचाएं।

## लोकसभा टिकट के दावेदार दौरे पर निकले

**कोरबा।** विधानसभा चुनाव के होते ही भाजपा ने कोरबा लोकसभा सीट पर दावेदार सक्रिय हो गए हैं। इन्होंने क्षेत्र का दौरा भी शुरू कर दिया है। पूर्व महापौर जोगेश लांबा के द्वारा कई मंडलों में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। जबकि कल इनके द्वारा गेवरा बस्ती में जाकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। इसी तरह लोकसभा टिकट के दावेदार वरिष्ठ नेता विकास महतो भी क्षेत्र में सक्रिय हैं। इनका मानना है कि उनके पिता डॉ. बंशीलाल महतो कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद थे इसलिए उनको टिकट मिल सकती है। विधानसभा चुनाव में विकास महतो व जोगेश लांबा ने प्रत्याशी लखनलाल देवांगन के साथ जगह-जगह प्रचार किया था। इसी तरह वरिष्ठ नेता देवेंद्र पांडेय भी क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। उनके द्वारा भी कोरबा लोकसभा क्षेत्र में दावेदारी की जा रही है। लगातार वे लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। भाजपाईयों की बैठक भी लेते हुए जानकारी दे रहे हैं कि आने वाले दिनों में वे लोकसभा क्षेत्र की दावेदारी करेंगे।

## दो युवकों ने की मारपीट

**कोरबा।** डीडीएम स्कूल रोड पर युवक से मारपीट करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया गया कि पुरानी बात को लेकर मौके पर आदिब के भाई से दो युवकों ने मारपीट की। उन्होंने उसे धमकी चमकी भी दी और भाफ निकले।

मारपीट करने वालों को पीड़ित ने भली भांति पहचान और इस बारे में अपने परिवार को अवगत कराया इसके बाद कोतवाली थाना पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी गई। आईपीसी की धाराओं के अंतर्गत मारपीट करने वाले दोनों युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।


श्री

**मकान - दुकान बेचना है**

**ट्रांसपोर्टनगर कोरबा में 2400 वर्ग फूट में बना मकान व दुकान बेचना है।**

**संपर्क करें मो. 6268146606**


## स्वर्णकार समाज का दो दिवसीय कार्यक्रम 16 से

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज भविष्य की योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम धार्मिक नगरी रतनपुर में करने जा रहा है। सभी क्षेत्रों से प्रतिनिधियों की भागीदारी यहां पर सुनिश्चित होगी। अब तक काफी लोगों ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

बताया गया कि महामाया देवी धर्मशाला को सामाजिक बैठक के लिए सुनिश्चित किया गया है। 13 दिसंबर तक सदस्यों का पंजीकरण जारी रहेगा। इसके बाद और कोई पंजीकरण नहीं होना है। आयोजक ने बताया कि सामाजिक एकता, आगामी योजनाओं के साथ-साथ भविष्य में किये जाने वाले कार्यक्रमों व सदस्यता विस्तार जैसे मुद्दे इसमें मुख्य होंगे। महिला और पुरुष सदस्यों की प्रत्यक्ष भागीदारी इस लिहाज से जरूरी होगी। स्वर्णकार समाज ने छत्तीसगढ़ में अपनी भागीदारी को मजबूत करने के साथ अन्य क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व को सशक्त करना सुनिश्चित किया है। रतनपुर की बैठक में आगे होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विचार मंथन होगा और जरूरी निर्णय लिये जाएंगे। इस हेतु एकमतेन सहमति बनी है और उक्तानुसार सहयोग राशि का संचय हो रहा है। उम्मीद जताई गई है कि अपेक्षा से कहीं ज्यादा उपस्थिति बैठक में तय होगी।

## अक्षत कलश का वितरण आज

**कोरबा।** मंडल और खंड स्तर के लिए अक्षत कलश का वितरण आज गायत्री शक्तिपीठ से होगा। राम जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे मंदिर से पूजत अक्षत कलश देश भर में भेजे गए हैं जिन्हें अलग-अलग स्तर पर आमंत्रण देने के लिए भिजवाने की व्यवस्था की जा रही है। बताया गया की 22 जनवरी से पहले सभी क्षेत्रों में विभिन्न अनुष्ठान किए जाएंगे।

## रजगामार प्रभारी का खूंटे ने लिया चार्ज



**कोरबा।** जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला द्वारा पिछले दिनों जिले में शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से पुलिस महकमे में कसावट लाने के लिए व्यापक पैमाने पर प्रभारियों के प्रभार में फेरबदल किया गया था। इसी आदेश के तहत कुछ चौकियों के प्रभारी प्रभावित हुए हैं। इसी आदेश के अनुपालन में बालको थाने में पदस्थ रहे उप निरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद खूंटे ने आज रजगामार चौकी का प्रभार निवर्तमान प्रभारी राकेश सिंह से ग्रहण कर लिया।

नए चौकी प्रभारी श्री खूंटे ने चर्चा के दौरान बताया कि उनका पहला काम कोयलांचल के रजगामार क्षेत्र में जिसका काफी हिस्सा वनांचल के गांव भी आते हैं। वहां के लोगों को न्याय दिलाना तथा इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के अलावा रजगामार कोरकोमा मार्ग तथा रजगामार कोसाबाड़ी कोरबा मार्ग में लोगों को छिनताई करने वाले उठाईगिरों आदि के उपर अंकुश लगाना रहेगा।

## चेन स्नेचर व उठाईगिरों पर तीसरी आंख की रहेगी नजर

**कोरबा।** घंटाघर ओपन थिएटर मैदान में राष्ट्रीय कथा वाचक गौरव कृष्ण महाराज के कथा स्थल पर चेन स्नेचिंग की शिकार हुई कुछ महिलाओं के द्वारा सिविल लाइन थाना रामपुर में शिकायत दर्ज कराई गई है। इस तरह की घटनाएं आगे और घटित न हो इसके लिए कथा कार्यक्रम के आयोजक सक्रिय हो गए हैं।

जानकारी मिली है कि बाहर से आने वाले चेन स्नेचर गिरोह में कुछ पुरुष एवं महिलाएं भी शामिल हैं, जो कोरबा क्षेत्र में शरण लेकर कथा स्थल पर इस तरह की वारदातों को अंजाम देने में लगे हुए हैं। ऐसे लोगों को पकड़ने के लिए आयोजकों द्वारा एवं सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा तीसरी आंख यानि सीसीटीवी कैमरे का भी मदद लिया जा रहा है। इसके अलावा महिला आरक्षकों को भी सादी वर्दी में कथा स्थल पर लगाया जा रहा है। वहीं साइबर सेल की ओर से भी सादे वेश में जवानों द्वारा भी चेन स्नेचरों के उपर नजर रखने के लिए अलर्ट कर दिया गया है। वहीं मोबाइल पेट्रोलिंग पार्टी में शामिल जवान भी कथा स्थल पर आने-जाने वाले अजनबियों पर अपनी पैनी नजर बनाए रख रही है।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com